

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 5 दिसंबर 2024 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-5 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-245 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 06 दिसंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## एकनाथ शिंदे का शपथ लेना तय नहीं

### कार्यक्रम से ठीक पहले फिर बढ़ गया सस्पेंस

**मुंबई,5 दिसंबर।** शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे का नई सरकार में आज डिप्टी सीएम के तौर पर शपथ लेना तय नहीं है। बुधवार रात से खबर थी कि वह उपमुख्यमंत्री बनने के लिए राजी हो गए हैं, लेकिन आज उनकी पार्टी के नेता उदय सामंत ने कहा कि अभी इस पर फैसला नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि एकनाथ शिंदे जल्दी ही तय करेंगे कि क्या करना है। शिवसेना नेता और निवर्तमान उद्योग मंत्री ने कहा कि सभी विधायकों ने तय किया है कि यदि एकनाथ शिंदे सरकार का हिस्सा नहीं बनेंगे तो हम भी शामिल नहीं होंगे। सामंत ने कहा कि सभी मंत्री बुधवार की शाम को एकनाथ शिंदे से मिले थे और उन्हें इसके लिए राजी करने की कोशिश की थी। उन्होंने कहा कि हमने तय किया है कि मिलकर काम करेंगे और जिला एवं नगर पंचायत के चुनावों में तीन और धनुष के सिंबल पर जीत दर्ज करेंगे। उदय सामंत ने कहा कि मैंने और अन्य सभी नेताओं ने एकनाथ शिंदे से कहा कि यदि आप डिप्टी सीएम नहीं बने तो फिर हम सब भी सरकार में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि शिवसैनिकों की जरूरत है कि एकनाथ शिंदे डिप्टी सीएम बनें।



वहीं उन्होंने साफ कर दिया कि अब तक एकनाथ शिंदे का शपथ लेना तय नहीं है। सामंत ने कहा कि अगले करीब एक घंटे में एकनाथ शिंदे इसके बारे में फैसला कर लेंगे।

उदय सामंत के इस बयान ने महाराष्ट्र की नई सरकार को लेकर जारी सस्पेंस को फिर से बढ़ा दिया है। एकनाथ शिंदे ने बुधवार को राजभवन में देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार के साथ मीडिया से बात की थी। इस दौरान जब उनसे शपथ के बारे में पूछा गया था तो उनका कहना था कि इतनी क्या जल्दी है। शपथ समारोह तो कल शाम को होना है। हालांकि रात तक जानकारी आई थी कि एकनाथ शिंदे राजी हो गए हैं। वहीं एक बार फिर से स्पेंस बढ़ गया है और उदय सामंत का कहना है कि वह करीब एक घंटे में अपना फैसला बताएंगे कि शपथ लेंगे या नहीं। बता दें कि शपथ समारोह के लिए जो आमंत्रण पत्र दिया जा रहा है, उसमें सिर्फ देवेंद्र फडणवीस का ही नाम है। शिवसेना के एक अन्य नेता दीपक केसरकर ने कहा कि हम तो साफ कर चुके हैं कि एकनाथ शिंदे नहीं तो फिर कोई नहीं। यानी शिंदे ने यदि डिप्टी सीएम की शपथ नहीं ली तो कोई भी नेता मंत्री नहीं बनेगा। गौरतलब है कि शपथ समारोह को लेकर जो आमंत्रण पत्र साझा किया गया है, उसमें सिर्फ देवेंद्र फडणवीस की शपथ का ही जिक्र है।

## पार्थ चटर्जी के लिए बहस करने वाले वकील को जज ने लगाई फटकार

**नई दिल्ली,5दिसंबर।** पहली बात तो आपके मुवक्किल एक करप्ट व्यक्ति है. आप हमसे समाज को क्या संदेश दिलवाना चाहते हैं. कि एक भष्ट्राचारी व्यक्ति को कोर्ट ने बेल दे दी'. ये फटकार जस्टिस सूर्यकांत ने पश्चिम बंगाल के चर्चित शिक्षक भर्ती घोटाला मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में पार्थ चटर्जी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए वकील मुकुल रोहतगी को कही. वकील के दलीलों से नाराज होकर जस्टिस सूर्यकांत ने तेज आवाज में वकील की जमकर क्लास लगाई. दरअसल जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुईयां की बेंच पार्थ चटर्जी की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी. इस दौरान मुकुल रोहतगी दूसरे लोगों और मंत्रियों का नाम लेकर तर्क देने लगे कि उन्हें भी तो जमानत दी गई, जबकि पार्थ चटर्जी करीब ढाई साल से जेल में बंद हैं. पहले मुकुल रोहतगी ने कहा कि दूसरे आरोपियों को भी तो कोर्ट ने बेल दी है तो जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि वे लोग मंत्री नहीं थे. इस पर मुकुल रोहतगी ने फिर बहस की और तमिलनाडु सरकार में मंत्री सेंथिल बालाजी को जमानत दिए जाने की बात कही. उन्होंने विश्वास जताया कि पिछले कुछ महीनों में मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में ट्रायल शुरू होने में देरी के चलते आरोपी को जमानत दे दी गई थी.मुकुल रोहतगी ने प्रवर्तन निदेशालय की ओर से पेश हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की दलीलों पर राजू ने पार्थ चटर्जी की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कोर्ट को मामले में आरोपी की भूमिका के बारे में बताया. उन्होंने कहा कि पार्थ चटर्जी को अगर इस मामले में बेल मिल भी गई तो भी वह जेल से बाहर नहीं आ सकेंगे क्योंकि वह सीबीआई मामले में भी कस्टडी में हैं. जिस पर मुकुल रोहतगी ने कहा कि हर किसी को तो बेल मिल रही है. जमानत का विरोध करने के लिए ये कैसी दलील है. जस्टिस सूर्यकांत ने एडवोकेट मुकुल रोहतगी को टोकते हुए कहा कि बाकी आरोपी मंत्री नहीं थे और ये तो सामान्य सी बात है कि आरोपी अपने घर पर पैसा क्यों रखेंगे. फिर भी मुकुल रोहतगी



बहस करते जा रहे थे तो जस्टिस सूर्यकांत ने उन्हें फिर टोका और तेज आवाज में कहा, 'पहली बात तो आपके मुवक्किल एक भ्रष्ट व्यक्ति हैं. आपहमसे समाज को क्या संदेश दिलवाना चाहते हैं कि भ्रष्ट लोगों को इस तरह बेल मिल सकती है? वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने पार्थ चटर्जी के बेल के लिए तमिलनाडु के मंत्री सेंथिल बालाजी के प्रकरण में बेल मिलने का भी जिक्र किया तो जस्टिस सूर्यकांत ने उन्हें टोकते हुए और कहा कि यहां समानता का दावा न करें. उन्होंने कहा, 'यहां मंत्रियों के लिए समानता जैसी कोई चीज नहीं है. देश में मंत्रियों का कोई संघ नहीं है.' आगे कहा कि पार्थ चटर्जी पर आरोप है कि चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों और असिस्टेंट प्राइमरी टीचर्स से रिश्वत लेकर डमी कंपनियों को भेज दी गई थी.

## बीजापुर में दो पूर्व सरपंचों की नक्सलियों ने की हत्या

### माओवादियों ने पर्चा फेंक ली जिम्मेदारी, पुलिस जांच में जुटी

**बीजापुर,5 दिसंबर।** जिले में नक्सलियों ने एक ही दिन में 2 पूर्व सरपंचों की हत्या कर दी है। नक्सलियों ने सुकलु फरसा और कडेर के पूर्व सरपंच सुखराम अवलम को मौत के घाट उतार दिया। माओवादियों ने दोनों सरपंचों का अगल-अलग स्थान से अपरहण किया था, जिसके बाद उनकी निर्मम हत्या कर दी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों ने 2 नवंबर को भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के बिरयाभूमि गांव के रास्ते से पूर्व सरपंच सुकलु फरसा का अपहरण कर लिया था। वहीं नैमेड थाना क्षेत्र कडेर के पूर्व सरपंच सुखराम अवलम को नक्सलियों ने मुर्गा बाजार से अगवा किया था और अब दोनों की हत्या कर दी है। नक्सलियों ने पूर्व सरपंच सुकलु फरसा के शव पर पर्चा छोड़ा है जिसमें माओवादियों ने भाजपा पार्टी से जुड़े रहने का आरोप लगाया है। उन्होने पूर्व सरपंच को पार्टी से दूरी बनाने की चेतावनी दी थी। लेकिन उनकी बात नहीं मानने पर चौथी बार में नक्सलियों ने हत्या कर दी। पूर्व सरपंच के अपहरण के बाद बुधवार को सुकलु फरसा के परिजन और बेटी यामिनी फरसा ने थाना में सूचना देने के दौरान सोशल मीडिया में पिता को छोड़ने की मार्मिक अपील भी की थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गवर्ना ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है जांच की जा रही है।





## 'पुष्पा-2' रिलीज के दौरान भगदड़, एक की मौत

**हैदराबाद,5 दिसंबर।** अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2- द रूल' फाइनली थियेटर्स में रिलीज हो गई है। मूवी को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त क्रेज है। हैदराबाद में अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' की स्क्रीनिंग के दौरान भगदड़ मच गई। इसमें 1 महिला की मौत हो गई। वहीं, 3 लोग घायल हो गए। घटना के कई वीडियो भी सामने आए हैं। इसमें अल्लू अर्जुन के फैंस को बेहोशी के हालात में देखा गया। पुलिस ने उन्हें होश में लाने की कोशिश की। पुलिस ने बताया कि बुधवार रात को संध्या थिएटर में फिल्म की स्क्रीनिंग के लिए अल्लू अर्जुन आए थे। थिएटर के बाहर आरटीसी एक्स रोड पर इकट्ठा हुए फैंस अल्लू अर्जुन से मिलना चाहते थे। इसी दौरान अचानक भगदड़ मच गई। धक्का-मुक्की के कारण कई लोग एक-दूसरे पर गिर गए। कुछ लोग घायल भी हुए। स्थिति को कंट्रोल में लाने के लिए पुलिस ने हल्का लाठीचार्ज किया। भगदड़ में महिला की मौत हो गई। वहीं उसका बच्चा भीड़ में दबने की वजह से अस्पताल में नाजुक हालत में है। फिलहाल मृतक महिला की पहचान नहीं हो पाई है।



## बहन के नाम संपत्ति होने से नाराज भाई ने मां-बाप व बहन की कर दी हत्या

**नई दिल्ली,5 दिसंबर।** दिल्ली के नेब सराय के देवली गांव में एक शख्स ने शादी की सालगिरह पर अपने सेवानिवृत्त सेना अधिकारी पिता, मां और बहन की बेरहमी से गला रेतकर हत्या कर दी. शर्मनाक वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी अर्जुन मॉर्निंग वॉक पर निकल गया, कुछ देर बाद लौटकर पुलिस को सूचित किया और परिजनों की हत्या करने का झूठा नाटक करते हुए शोर मचाया. पुलिस को शक हुआ और सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने अपराध कबूल लिया. अर्जुन ने बताया कि उसके पिता के साथ उसके संबंध अच्छे नहीं थे; वे उसे बॉक्सिंग खेलने के लिए प्रेरित करते थे और उसे पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए दबाव डालते थे. एक दिन उसके पिता ने उसे सभी के सामने मारपीट कर दी, जिससे वह काफी गुस्से में था. बाद में उसे पता चला कि उसके पिता बहन को सारी संपत्ति देने वाले हैं, जिससे वह बेहोश हो गया और तीनों को बाहर निकालने का मन बनाया. पुलिस ने बताया कि उसने जानबूझकर सालगिरह का दिन चुना जब उसे पता चला कि उसकी बहन उसकी सारी संपत्ति को अपने नाम कर रही है, तो उसने हत्या की



साजिश रची, पहले अपने पिता का चाकू छिपाकर रख लिया, फिर यह निर्णय लिया कि तीनों को मार डालेगा जिस दिन शादी की सालगिरह होगी. उसने पूछताछ में बताया कि उसकी बहन ग्राउंड फ्लोर पर रहती थी, उसने पहले उसे मार डाला, फिर पहली मंजिल पर माता-पिता के कमरे में गया, जहां मां वॉशरूम में थी, इस बीच उसने पिता को मार डाला और अंत में मां को मार डाला. इसके बाद वह चुपचाप वहां से करीब साढ़े 5 बजे मॉर्निंग वॉक पर निकल गया, एक घंटे बाद वापस आया तो शोर मचाकर पड़ोसी बुला लिए. पूछताछ में अर्जुन ने बताया कि सुबह करीब साढ़े पांच बजे घर के गेट पर ताला लगाकर मार्निंग वाक के लिए निकला था. वापस आकर देखा कि मां कोमल और बहन कविता का शव ग्राउंड फ्लोर पर था, जबकि पिता का शव पहली मंजिल पर था. राजेश के गले पर चुन्नी लिपटी हुई थी, जबकि कोमल और कविता का शव कंबल से ढका हुआ था. विशेष पुलिस आयुक्त मधुप तिवारी तिवारी, संयुक्त पुलिस आयुक्त एसके जैन और फोरेंसिक टीम ने हत्याकांड की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचा, उन्हें पहले ताला लगे होने का शक था.मारे गए लोगों में 51 वर्षीय राजेश कुमार, उनकी पत्नी कोमल (46), उनकी बेटी कविता (23) शामिल हैं।

## पुतिन ने की मोदी और 'मेक इन इंडिया' की तारीफ

मास्को,5 दिसंबर । दुनिया में एक बार फिर से भारत का डंका बजा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत के पीएम नरेन्द्र मोदी और 'मेक इन इंडिया' की जमकर तारीफ की है। पुतिन ने कहा कि भारत का नेतृत्व अपने हितों को प्राथमिकता देने की नीति पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री मोदी के पास मेक इन इंडिया नामक एक ऐसा ही कार्यक्रम है, जो काफी अच्छा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत की आर्थिक पहलों, विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ÷मेक इन इंडिया÷ पहल पर बात करते हुए इसकी तारीफ की है। उन्होंने भारत में लघु एवं मध्यम आकार के उद्यमों (एसएमई) के लिए स्थिर परिस्थितियां बनाने के प्रयासों के लिए भारत सरकार और उसके नेतृत्व की सराहना की है। दरअसल बुधवार (4 दिसंबर 2024) को मास्को में वीटीबी निवेश मंच को संबोधित करते हुए व्लादिमीर पुतिन ने रूस के आयात सबस्टिट्यूशन (प्रतिस्थापन) कार्यक्रम और भारत की ÷मेक इन इंडिया÷ पहल के बीच समानताएं बताईं और भारत में मैन्युफैक्चरिंग ऑपरेशन स्थापित करने के लिए रूस की तत्परता व्यक्त की। पुतिन ने यह भी कहा कि भारत का नेतृत्व अपने हितों को प्राथमिकता देने की नीति पर केंद्रित है। रूसी राष्ट्रपति ने कहा, ÷प्रधानमंत्री मोदी के पास भी मेक इन इंडिया नामक एक ऐसा ही कार्यक्रम है। हम भी भारत में अपना मैनन्युफैक्चरिंग पॉइंट बनाने के लिए तैयार हैं। पुतिन ने एसएमई के विकास के लिए ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया और सदस्य देशों से अगले साल ब्राजील में होने वाले शिखर सम्मेलन के दौरान सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों का आकलन करने का आह्वान किया।

## किसानों के आंदोलन पर संगठनों में फूट

**नई दिल्ली,5 दिसंबर।** फसल की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी और किसानों की बकाया समस्याओं का समाधान समेत अन्य मांगों को लेकर किसान एक बार फिर से आंदोलन पर हैं। 2 दिसंबर 2024 को किसानों ने नोएडा की तरफ से दिल्ली में दाखिल होने की कोशिश की थी। हालांकि पुलिस ने उन्हें नोएडा में ही रोक दिया। आदंलोन को और उग्र और दिल्ली कूच करने पर रणनीति तैयार करने आज नोएडा में किसान महापंचायत हो रही है। इसी बीच किसानों के आंदोलन पर संगठनों में फूट पड़ गया है। किसानों के दिल्ली मार्च से हरियाणा के किसान संगठनों ने दूरी बना ली है। वहीं स्यरूऔर किसान सभा भी नाराज है। 6 दिसंबर को पंजाब के किसान दिल्ली कूच करने वाले हैं। दिल्ली कूच आंदोलन का नेतृत्व भारतीय किसान यूनियन (सिद्धूपुर) के जगजीत सिंह डल्लेवाल और किसान नेता सरवन सिंह पंधेर करने वाले हैं। हालांकि, एक अम्ब्रेला के नीचे आने वाले संयुक्त किसान मोर्चा (स्यरू) और किसान सभा इस मार्च का हिस्सा नहीं होंगे। किसानों के दिल्ली मार्च से संयुक्त किसान मोर्चा ने खुद को अलग कर लिया है। दिल्ली कूच आंदोलन का नेतृत्व भारतीय किसान यूनियन (सिद्धूपुर) के जगजीत सिंह डल्लेवाल और किसान नेता सरवन सिंह पंधेर करने वाले हैं। एक अम्ब्रेला के नीचे आने वाले संयुक्त किसान मोर्चा और किसान सभा इस मार्च का हिस्सा नहीं होंगे।

## भाजपा के 3 लाख 22 हजार सदस्य बनाकर रायगढ़ जिला पूरे प्रदेश में अग्रणी

**रायगढ़,5 दिसंबर।** प्राथमिक सदस्यता अभियान एवं सक्रिय सदस्यता अभियान के बाद भाजपा ने मंडल अध्यक्ष चुनाव को लेकर बुधवार को जिला भाजपा कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया। संगठन पर्व की शुरुआत प्राथमिक सदस्यता अभियान से प्रारंभ हुई थी ,आनलाइन एवं ऑफलाइन सदस्यता में जिले को 2,70,000 (दो लाख सत्तर हजार) सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया था जिसके लिए जिला उपाध्यक्ष विकास केडिया को जिले का संयोजक बनाया गया था। कार्यकर्ताओं के संयुक्त प्रयास एवं केडिया के कुशल मार्गदर्शन में पूरे जिले में 3,22,000 (तीन लाख बाइस हजार )सदस्य बनाकर रायगढ़ जिला पूरे प्रदेश में अग्रणी रहा। इसके लिए बुधवार को जिला चुनाव अधिकारी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, जिले के पर्यवेक्षक प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं जिले के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल द्वारा प्राथमिक सदस्यता अभियान के पूरे टीम का सम्मान किया गया। सक्रिय सदस्यता अभियान के जिले के संयोजक सतीश बेहरा द्वारा कार्यशाला में जिले की सक्रिय सदस्यता अभियान में बताया गया की पूरे जिले के 23 मंडलों में 3861 सक्रिय सदस्य बनाए गए है। इस तरह पूरे प्रदेश में सक्रिय सदस्यता अभियान में हमारा जिला दूसरे स्थान पर है। सक्रिय सदस्यता अभियान में अच्छा कार्य करने के लिए पूरी टीम को सम्मानित किया गया। इसी माह 6 तारीख से 15 तारीख के बीच में जिले के 23 मंडलों के अध्यक्षों का भी चुनाव संपन्न होगा जिसके लिए जिले की टीम ने सभी मंडलों के लिए चुनाव अधिकारी बनाए हैं जो मंडलों में जाकर रायशुमारी कर सर्वसम्मति से नए मंडल अध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न कराएंगे। इस बार पार्टी ने मंडल अध्यक्षों के लिए उम्र की सीमा तय की है जिसमें 35 वर्ष से लेकर 45 वर्ष तक के कार्यकर्ताओं को ही मंडल अध्यक्ष का दायित्व दिया जाएगा।





## मॉर्निंग वॉक पर निकले युवकों से लूट

**कांकेर,5 दिसंबर।** जिले के नेशनल हाइव में आज मॉर्निंग वॉक पर निकले नाबालिग समेत दो युवकों पर तीन नकाबपोश लुटेरों ने चाकू से हमला कर उनका मोबाइल लूटकर फरार हो गए है, हमले में एक 31 वर्षीय युवक योगेश्वर कांगे गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसका इलाज जिला अस्पताल में जारी है, पूरी घटना चारामा थानाक्षेत्र की है। बताया जाता है कि रतेसरा के पास सुबह करीब साढ़े 5 बजे युवक योगेश्वर कांगे मॉर्निंग वॉक पर निकला था, तभी बाइक सवार तीन नकाबपोश युवकों ने पेट्रोल पंप का पता पूछने के बहाने युवक को रोककर उससे मोबाइल और पैसे की मांग करने लगे, युवक के पास से मोबाइल और पैसे नहीं मिलने से उस पर चाकू से दो वारकर भाग निकले, जिसके बाद कोचवाही के पास एक नाबालिग युवक को रोककर उससे दो मोबाइल फोन लूट लिया। जब युवक ने इसका विरोध किया तो उस पर भी चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया है, दोनों घायलों को चारामा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था जहां से योगेश्वर कांगे की स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। एसडीओपी मोहसिन खान ने बताया कि लूटे गए मोबाइल के लोकेशन ट्रेस कर आरोपियों की तलाश की जा रही है, पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

## संक्षेप

### प्रियंका गांधी की अमित शाह से मुलाकात

**नई दिल्ली,5 दिसंबर।** वायनाड सांसद प्रियंका गांधी ने बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। प्रियंका गांधी ने अमित शाह से मुलाकात कर वायनाड लैंडस्लाइड पीड़ितों के पुनर्वास के लिए 2 हजार करोड़ रुपए का फंड रिलीज करने की मांग की। इस दौरान प्रियंका गांधी के साथ केरल के सांसदों का डेलिगेशन भी मौजूद था। संसद भवन में 10 मिनट तक चली इस मीटिंग के बाद प्रियंका ने बताया कि उन्होंने शाह से कहा कि नरेन्द्र मोदी भी वायनाड गए थे, लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया। आपको राजनीति को परे रखकर वायनाड के लोगों को राहत पहुंचानी चाहिए। प्रियंका ने कहा- हमने गृह मंत्री को वायनाड की स्थिति के बारे में बताया है। वहां के लोग पूरी तरह से बर्बाद हो गए हैं। उनके पास कोई सपोर्ट सिस्टम नहीं बचा है। लोगों के घर, बिजनेस, स्कूल सब कुछ बह गया है। वहां लोगों की जितनी मदद की जाए, वो करनी चाहिए। वायनाड में प्रभावित लोगों के लिए सब कुछ बर्बाद हो गया है। ऐसे में अगर केंद्र सरकार कुछ नहीं करती है तो हम क्या कर सकते हैं?

### तेंदुए ने ग्रामीण युवक को बनाया शिकार

**कांकेर,5 दिसंबर।** तेंदुआ जानवरों के साथ अब इंसानों का भी शिकार करने लगा है. ताजा घटनाक्रम में कांकेर वन परिक्षेत्र में बाजार से लौट रहे ग्रामीण युवक को तेंदुए ने अपना शिकार बनाया है. युवक का शव सड़क से 200 दूर जंगल में क्षत-विक्षत हालत में मिला है. जानकारी के अनुसार, कोदागांव बाजारपारा निवासी द्वारका भोयर बुधवार रात करीब 7.30 बजे देवरी की ओर से बाजार से वापस अपने घर कोदागांव लौट रहा था, तभी आदमखोर तेंदुए ने उस पर हमला कर जंगल की ओर ले गया, जहां उसे अपना शिकार बना लिया. इस सबन्ध में वन परिक्षेत्र अधिकारी रहमान खान ने बताया कि घटना स्थल पहुंच पंचनामा तैयार कर शव का पोस्टमार्टम करवा शव को परिजनों को सौंपा जाएगा. इसके बाद प्रकरण तैयार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी. फिलहाल वन विभाग की टीम इस एरिया में गस्त कर रही है. बता दें कि जिला मुख्यालय व आसपास के ग्रामीण इलाकों में जंगली जानवरों का आतंक लगातार जारी है. ग्रामीण युवक को तेंदुए द्वारा शिकार किए जाने की घटना सामने आने के बाद इलाके में दहशत का माहौल है.

### साय ने DRG जवान की शहादत को किया नमन

**रायगढ़,5 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पुलिस और जवानों के बीच मुठभेड़ में DRG के प्रधान आरक्षक की शहीद हो गए, बताया जा रहा है कि ये मुठभेड़ अबूझमाड़ के सोनपुर और कोहकामेटा के सीमावर्ती क्षेत्र में हुई. जिसमें डीआरजी नारायणपुर के प्रधान आरक्षक वीरेंद्र कुमार सोरी शहीद हो गए. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जवान के शहादत को नमन किया है. सीएम बोले राष्ट्र आपकी वीरता और समर्पण का सदैव ऋणी रहेगा. नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त हुए हमारे जांबाज, प्रधान आरक्षक बिरेंद्र कुमार सोरी जी की शहादत को नमन करता हूं। शहीद बिरेंद्र कुमार सोरी जी नक्सल ऑपरेशन में वीरतापूर्ण कार्य के लिए पूर्व में आरक्षक से प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत हुए थे। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि वह दिवंगत पुण्यात्मा को शांति और शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करें। मातृभूमि के लिए प्राण न्योछावर करने वाले हर देशभक्त का त्याग और बलिदान, हमें देश की रक्षा के प्रति प्रेरित करता रहेगा। राष्ट्र आपकी वीरता और समर्पण का सदैव ऋणी रहेगा।



### डेविस कप 2023 में लगातार दूसरी बार विजेता बना था इटली

jasclaudius@gmail.com

## टेनिस के अप्रत्याशित परिणाम ने इसे बनाया लोकप्रिय

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

आधुनिक युग में दुनिया के सबसे पुराने और लोकप्रिय खेलों में से एक टेनिस है। दूसरे शब्दों में हम कह सकते हैं कि टेनिस एक ऐसा खेल है जो सुचारू, व्यवस्थित, नियमित रूप से खेले जाने वाला आधुनिक युग का पहला खेल है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर टेनिस की चार स्पर्धा, विंबल्डन, फ्रेंच ओपन, यूएस ओपन और आस्ट्रेलियन ओपन सबसे पुरानी है। इसकी शुरुआत क्रमशः 1877, 1891, 1881 व 1905 में हुई जो आज भी अनवरत जारी है। इसके साथ ही साथ टेनिस की एक अन्य अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता डेविस कप की शुरुआत 1900 से हुई। यह भी आज तक खेली जा रही है। वास्तव में डेविस कप में विभिन्न राष्ट्रों के खिलाड़ियों की टीम को एक-दूसरे से मुकाबला करने का अवसर मिलता है। दूसरे शब्दों में हम डेविस कप चैंपियनशिप को टेनिस का विश्व कप कह सकते हैं। वैसे तो टेनिस के इतिहास पर नजर डालने से यह स्पष्ट हो जाता हे कि इस खेल के उक्त चारों स्पर्धाओं (जिसे ग्रैंड स्लेम कहते हैं) के साल दर साल विजेता पुरुष या महिला खिलाड़ी होते हैं वे कई अलग-अलग देशों से आते हैं। डेविस कप में भी कई बार उतार चढ़ाव आये और पिछले 113 स्पर्धाओं को जीतने वाले देशों की संख्या सिर्फ 16 है। इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप को अब तक इटली, कनाडा, रसियन टेनिस फेडरेशन, स्पेन, क्रोएशिया, फ्रांस, अर्जेंटीना, ग्रेट ब्रिटेन, स्वीट्जरलैंड, चेक गणराज्य, सर्बिया, आस्ट्रेलिया, रूस, स्वीडन, जर्मनी, जर्मनी एफआर, संयुक्त राज्य अमेरिका, चेकोस्लोवाकिया, दक्षिण अफ्रीका, ब्रिटिश आइसलेस ने जीता है। किसी भी खेल को विश्व स्तर पर स्थापित करने और उसको लोकप्रिय बनाने के लिए खेल से संबंधित खेल संघ के पदाधिकारियों, आयोजकों पर बहुत कुछ निर्भर करता है। इस दृष्टि से टेनिस के कर्णधारों ने अपने





खिलाड़ियों के लिए साल भर चलने वाले प्रतियोगिता के चक्र को पिछले करीब 148 वर्षों से निरंतर जारी रखा है। किसी खेल को मजबूती प्रदान करने के लिए टेनिस के विश्व स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय संघ की जितनी तारीफ की जाए कम ही माना जायेगा। यह अलग बात है एक समय टेनिस के खेल में बहुत अधिक पैसों की जरूरत नहीं पड़ती थी खुले आसमान, सपाट मैदान में टेनिस की स्पर्धा हो जाती थी अब तो यह खेल करोड़ों की लागत से बने इंडोर हाल में भी खेल जा रहा है। वस्तुतः टेनिस के रेकेट, गेंद और अन्य सामान बहुत महंगे हो गये हैं साथ ही पोशाक भी महंगे हो गये हैं। फिर भी टेनिस की लोकप्रियता विश्व स्तर पर बरकरार है। आज संसार के सभी भू-क्षेत्रों में 211 देशों को अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ की सदस्यता दी जा चुकी है और प्रत्येक महाद्वीप में यह खेल युवाओं की पसंद बनती जा रही है। भारत में टेनिस अब सिर्फ शहरों का खेल ना होकर गांवों तक पहुंच बना चुका है। भारत के लिएंडर पेस, रामानाथनकृष्णन, विजय अमृतराज, महेश भूपति, सानिया मिर्जा, रोहन बोपन्ना, रमेश कृष्णन, प्रेमजीत लाल, जायदीप मुखर्जी आदि खिलाड़ियों के विश्व स्तरीय प्रदर्शन के कारण टेनिस भारत में बहुत प्रसिद्ध हो चुका है। डेविस कप में पिछले दो वर्षों से इटली ने अपनी धाक जमाई है। 2022, 2023 में इटली की टीम ने आस्ट्रेलियाई टीम को पछाड़ा। विश्व स्तर पर भी टेनिस में काफी उतार चढ़ाव आये। 2012, 2013 में चेचिया (चेक गणराज्य) लगातार दो बार विजेता रही थी उसके पश्चात 11 वर्षों तक कोई भी टीम लगातार दो बार डेविस कप विजेता नहीं बन सकी। इस दौरान 2014 से 2022 तक आठ अलग-अलग देशों की टीम चैंपियन बनी। अतः स्पष्ट है कि टेनिस की लोकप्रियता बरकरार रहते हुए इस खेल के खिलाड़ियों में आपसी संघर्ष भी बढ़ा है। हर दिन किसी एक खिलाड़ी का नहीं हो सकता। यह भी सत्य है कि टेनिस के खेल ने आने वाली पीढ़ी के लिए चुनौती पेश की है जिसकी जितनी सराहना की जाए कम है।

**एक नजर**

## नगर पंचायत नगरी में हरीश पटेल के पुत्र को मिली अनुकंपा नियुक्ति

**नगरी ,5 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ शासन नगरी प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के परिपालन में आज दिनांक 5.12.2024



को मृतक के पुत्र को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान किया गया। बता दें कि नगर पंचायत में सहायक ग्रेड 3 के रूप में सेवा दे रहे हरीश पटेल की असामायिक मृत्यु 4.12.2019 को हो गया था इसके पश्चात हरीश पटेल के आश्रित परिवार का सदस्य उनके पुत्र पुष्कर पटेल को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया, इस अवसर पर नगर पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती आराधना शुक्ला उपाध्यक्ष श्री अजय नाहटा, नागेंद्र शुक्ला, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष भानेद्र सिंह ठाकुर, कमल डागा सभापति भूपेंद्र साहू पार्षद अश्विनी निषाद पूर्व एल्डरमेन पेमन स्वर्णबेर सहित नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित थे.

## दिवंगत गिरीश शुक्ला को लॉ कॉलेज में दी गई पुष्पांजलि

**राजनांदगांव ,5 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** नांदगांव शिक्षा मंडल सहित विभिन्न सामाजिक पदों एवं अन्य महत्वपूर्ण जवाबदारियों पर अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले नांदगांव शिक्षा मंडल के अध्यक्ष गिरीश शुक्ला को आज पंडित किशोरीलाल शुक्ला विधि महाविद्यालय में पुष्पांजलि अर्पित की गई । दिवंगत श्री शुक्ला को श्रंद्धाजलि अर्पित करने आज नांदगांव शिक्षा मंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने एक शोकसभा का आयोजन शाम चार बजे विधि महाविद्यालय जी ई रोड में किया । उक्त शोकसभा में विशेष रूप से नांदगांव शिक्षा मंडल के सचिव सुरेश एच लाल , उपाध्यक्ष नन्द कुमार अग्रवाल , अशोक चौधरी , किशोर बेलावाला, शैलेन्द्र कोठारी , पुरुषोत्तम अग्रवाल , हरीश टांक, विक्की शुक्ला , रईस अहमद शकील एवं विधि महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अलका चौहान उपस्थित थीं । शोक सभा में सर्व प्रथम सचिव श्री लाल ने कहा कि दिवंगत श्री शुक्ला के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है । वे लगातार 11 वर्षों तक अध्यक्ष पद पर रहते हुए हर बेहतरी के लिए समर्पित रहे । शैलेन्द्र कोठारी ने अपनी शोकांजलि में कहा कि श्री शुक्ला ने आजीवन समाज सेवा को अपना कर्तव्य समझा । उन्होंने नांदगांव शिक्षा मंडल में जिस अध्यक्षीय कार्यकाल को संपन्न किया है वह वास्तव मे उनकी प्रबंध क्षमता को दर्शाता है । शोक सभा में अशोक चौधरी , शैलेन्द्र कोठारी , किशोर बेलावाला , हरीश खंडेलवाल , रईस अहमद शकील एवं प्राचार्य श्रीमती चौहान ने श्री शुक्ला के निः स्वार्थ भाव से की गई समाज सेवा की सराहना करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की ।

## शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 4 ड्राइवरों पर कार्रवाई

**राजनांदगांव ,5 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक श्री अजय खेस एवं यातायात टीम द्वारा शहर के रेवाडीह चौक एवं ट्रांसपोर्ट नगर चौक में शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 04 वाहन चालकों के विरूद्ध धारा 185 मो.व्ही.एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। जिसमें वाहन क्र. सीजी 08 एआर 4299 मो.सा. का चालक आनंद यादव निवासी सुकुलदैहान, वाहन क्र. सीजी 04 सीडी 6252 मो.सा. का चालक राजेन्द्र लहरे निवासी पेण्ड्री, वाहन क्र. सीजी 08 ए क्यू 0494 मो.सा. का चालक भागवत निषाद निवासी पेण्ड्री एवं वाहन क्र. सीजी 08 डब्ल्यू 6139 मो.सा. का चालक नरेन्द्र साहू निवासी कौरिनभाठा को वाहन चेकिंग के दौरान रोककर चेक करने से शराब सेवन करना प्रतीत होने पर ब्रीथ एनालाईजर मशीन से चेक करने पर शराब सेवन कर वाहन चलाते पाये जाने से मोटरयान अधिनियम की धारा 185 एम.व्ही.एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया जिसे माननीय न्यायालय पेश किया जायेगा। वाहन जप्त कर सुरक्षार्थ यातायात कार्यालय में रखा गया है। इसी प्रकार बिना कागजात के 26 वाहनों, नो पार्किंग में 15 वाहन, प्रेशर हार्न में 09 वाहन, दुपहिया वाहन में तीन सवारी में 07 वाहन, दुपहिया वाहन में बिना हेलमेट पर 05, एवं अन्य धाराओं में 11 वाहनों पर कार्यवाही कर कुल 73 वाहनों से 22900/- रूपये जुर्माना वसूल किया गया। यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगा। सभी वाहन चालकों से अपील है कि शराब सेवन कर वाहन न चलायें, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाये.

# नई औद्योगिक नीति के रूप में निवेशकों के लिए छत्तीसगढ़ में खुला रेड कारपेटः मुख्यमंत्री साय

**रायपुर, 5 दिसम्बर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ में नए नए उद्योगों की स्थापना की व्यापक संभावनाएं हैं। यहां मिनरल्स का विपुल भंडार है, अनुकूल औद्योगिक वातावरण है, साथ ही उद्योग और व्यापार जगत के प्रतिनिधियों से चर्चा कर राज्य की नवीन औद्योगिक विकास नीति 2024-30 तैयार की गई है। इस नवीन नीति में उद्योगों की स्थापना की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है और उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक प्रावधान शामिल किए गए हैं। नई औद्योगिक नीति के रूप में निवेशकों के लिए रेड कारपेट छत्तीसगढ़ में खुला है। निवेश की जटिलताएं अब छत्तीसगढ़ में नहीं रहीं। सिंगल विंडो सिस्टम में सब कुछ बहुत सरल कर दिया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज नवा रायपुर में नीति आयोग एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संयुक्त रूप से ''छत्तीसगढ़ की औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के संबंध में हितधारकों के साथ संवाद कार्यक्रम (स्टेक होल्डर कनेक्ट वर्कशॉप)'' को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य दिया है। इसके लिए हमें विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण करना होगा। विकसित भारत के निर्माण में छत्तीसगढ़ के उद्योग जगत का भी महत्वपूर्ण योगदान होगा। छत्तीसगढ़ के विकास हेतु विभिन्न क्षेत्रों में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देते हुए छत्तीसगढ़ के अधिक से अधिक लोगों को रोजगार का अवसर प्रदान किया जाएगा। उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की नवीन औद्योगिक नीति मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से प्रेरणा लेकर किया गया है। नई नीति तैयार करने में उद्योगपतियों से सुझावों को शामिल किया गया है। इस नीति से प्रदेश में निवेश तो आएगा ही, नये उद्योगों की स्थापना होगी, साथ ही राज्य के लोगों को रोजगार मिलेगा।



नीति आयोग के वरिष्ठ सलाहकार श्री संजीत सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ निवेशकों के लिए पसंदीदा राज्य बन गया है। छत्तीसगढ़ के नवीन औद्योगिक नीति की हर तरफ प्रशंसा की जा रही है। इस नीति से प्रदेश में सस्टेनेबल औद्योगिक विकास को नई दिशा मिलेगी। नई नीति में एमएसएमई उद्योगों को सशक्त बनाने का अच्छा प्रयास किया गया है। नये क्षेत्रों में निवेश के लिए इंसेन्टिव स्कीम तैयार की गई है। इस उद्योग नीति में रोजगार सृजन महत्वपूर्ण पहलू है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में राज्य के 27 बड़े औद्योगिक समूहों को नवीन पूंजी निवेश के प्रस्ताव के संबंध में 32 हजार 225 करोड़ रुपए के निवेश के लिए इंटेंट टू इन्वेस्ट लेटर प्रदान किए। इनमें राज्य के कोर सेक्टर के साथ ही नये निवेश क्षेत्रों जैसे आईटी, एआई, डाटा सेंटर, एथेनॉल, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल, कम्प्रेस्ड बायो गैस जैसे क्षेत्रों में निवेश किया जाएगा। इनमें शिवालिक इंजीनियरिंग, मां दुर्गा आयरन एण्ड स्टील, एबीआईएल ग्रीन एनर्जी, आरएजी फेरो एलायज, रिलायंस बायो एनर्जी, यश फैंस एण्ड एप्लायंसेस, शांति ग्रीन्स बायोफ्यूल, रेक बैंक डाटा सेंटर आदि सम्मिलित हैं। मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने कहा कि छत्तीसगढ़ की नवीन औद्योगिक नीति में रोजगार सृजन, निर्यात प्रोत्साहन और उद्योगों की मंजूरी और स्थापना की प्रक्रिया के सरलीकरण पर फोकस किया गया है। वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव श्री रजत कुमार ने बताया कि नवीन औद्योगिक विकास नीति में राज्य की प्राथमिकताओं एवं राज्य में औद्योगिक विकास को गति प्रदान करने के लिये प्रावधान किये गये हैं। कार्यक्रम में आयोजित पैनल डिस्कशन में रोजगारवर्धक औद्योगिक विकास में औद्योगिक अधोसंरचना, नीति समर्थन एवं उद्योग स्थापना हेतु औपचारिक आवश्यकताओं को कम करने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## महाराष्ट्र का धान पनियाजोब के नाके में पकड़ा गया

**डोंगरगढ़,5 दिसंबर।** 18 चक्का ट्रक में सरेआम धान का परिवहन करते हुई पनियाजोब नाके में मंडी उपनिरीक्षक के द्वारा पकड़कर वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी सूचना दी. अधिकारियों की



जांच में यह पाया गया कि जिस धान का परमिशन कलेक्टर एवं फूड विभाग के द्वारा दिया गया था उसकी जगह मिक्स मोटा धान ले जाया जा रहा था. अधिकारियों के द्वारा जांच व पूछताछ करने पर ट्रक का मालिक व ड्राइवर संतोष गढ़ेसर निवासी बालाघाट ने अपने बयान में बताया कि इस रास्ते पहली बार धान भरकर कुरुद के लिए जा रहा था इससे पहले चिचोला बोर्डर से अनेकों बार कुरुद के लिए धान भरकर जा चुका है. ड्राइवर व वाहन मालिक की मानें तो चिचोला बोर्डर से रोजाना सैकड़ों की संख्या में धान भरकर बोर्डर पार कर रही है. मिली जानकारी में ट्रक क्रमांक छ्.ग 04 PD 0551 में 424 कट्टा धान प्रति कट्टा 80 से 85 किलो भर्ती कुल 30 टन धान महाराष्ट्र स्थित तुमसर की मंडी से धान भरकर एस एस ट्रेडर्ड कुरुद के लिए ले जा रहा था. मौके पर अतिरिक्त तहसीलदार कमल किशोर साहू, मंडी सचिव बसंत कुमार ठाकुर, मंडी निरीक्षक ईश्वरी प्रसाद चंद्राकर, उपनिरीक्षक छाया इसदा, जिला खाद्य निरीक्षक हितेश मानिकपुरी, दौलत लाउत्रे एलडीसी मंडी, अक्षय कोवाची वन नाका चौकीदार, रधुवीर सिंग नगर सैनिक उपस्थित थे. गाड़ी तथा धान को जप्ती बनाकर मंडी अधिनियम की धारा 23 व 19(4) के तहत कार्यवाही कर धान से भरे ट्रक को बोरतलाव थाने के सुपुर्द कर दिया गया है.

## शराब कोचिया पकड़ाया

**राजनांदगांव,5 दिसंबर।** मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा व सीएसपी महोदय राजनांदगांव श्री पुष्पेन्द्र नायक के दिशा-निर्देश पर लालबाग पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार गस्त-पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं अन्य असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है इसी कड़ी में दिनांक 03/12/24 को थाना प्रभारी निरीक्षक नवरतन कश्यप के नेतृत्व पर थाना लालबाग स्टाफ जुर्म जरायम पतासाजी ग्राम भ्रमण पेट्रोलिंग पर देहात की ओर रवाना हुआ था की जरिये मुखबीर सूचना मिला कि सविंद्र सिंह अपने पंजाबी ढाबा के सामने लीटिया चौकी सुकुलदैहान में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहे है

## निगम की अतिक्रमण हटाओ टीम ने इंडस्ट्रीयल एरिया एवं कौरिनभाठा रोड से हटाये अवैध ठेले

**राजनांदगांव , 5 दिसम्बर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

शहर में अतिक्रमण कर ठेला खोमचा एवं पसरा लगाने वालों को समझाईस देने व हटाने निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा द्वारा गठित निगम का अतिक्रमण दस्ता आज ममता नगर इडस्ट्रीयल ऐरिया एवं बसंतपुर कौरिनभाठा रोड मे अवैध रूप से दुकान संचालित करने रखे ठेला को आज हटाने की कार्यवाही किये और इसी प्रकार अन्य स्थल में रखे ठेला खोमचा वालो को हटाने समझाईस दी जा रही है। शहर के चौक चौराहा एवं रोड में अतिक्रमण कर अनाधिकृत रूप से पसरा एवं ठेला खोमचा लगाकर अधिकांश लोगों के द्वारा व्यवसाय किया जाता है, जिससे यातायात बाधित होती है और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। जिसे ध्यान में रखकर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने निगम के भवन अधिकारी एवं अतिक्रमण दस्ता को अनाधिकृत पसरा हटाने तथा ठेला खोमचा वालों को व्यवस्थित लगाने समझाईस देने के निर्देश दिये। निर्देश के अनुक्रम में निगम का दस्ता ठेला खोमचा हटाने तथा दुकान का समान दुकान की सीमा में रखने समझाईस दे रहे है, साथ ही कार्यवाही भी कर रहे है। इसी कडी में इडस्ट्रीयल



ऐरिया में सडक किनारे ठेला रखकर सेलून, पान ठेला व साईकिल मरम्मत दुकान का संचालन किया जा रहा था, उसी प्रकार बसंतपुर कौरिनभाठा रोड में नाली के उपर ठेला लगाने प्लेटफाम बनाया जा रहा था, जिसे हटाने समझाईस दी गयी थी, नहीं हटाने पर आज उक्त दोनो क्षेत्र से ठेला हटाने की कार्यवाही की गयी। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने अपील करते हुये कहा है कि शहर के चौक चौराहो एवं रोड में पसरा व ठेला खोमचा न लगावे। रोड में पसरा आदि लगाने से यातायात बाधित होने के साथ साथ दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।

## महापौर,अध्यक्ष चुनने का अधिकार जनता को देने का स्वागतःदुबे

**रायपुर, 5 दिसम्बर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ प्रदेश के नगर निगमों और पंचायतों में महापौर और अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष मतदान से कराने का निर्णय लेते हुए प्रदेश की जनता को उक्त्त चुनावों में वोट देने का अधिकार वापस दिया है । जिसे कांग्रेस सरकार ने 2019 में जनता से अपना अध्यक्ष एवम महापौर चुनने का अधिकार जनता से छीन कर पार्षदों को दे दिया था । भाजपा पार्षद दल के प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे ने विष्णुदेव सरकार के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा है कि जबसे जनता को महापौर और अध्यक्ष चुनने के लिए वोट का अधिकार मिला है कांग्रेस के महापौर एजाज ढेबर , प्रवक्ता नेता तिलमिला कर अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं और उन्हें डर लगने लगा है कि वे तो जनता का वोट देने का अधिकार छीन कर पार्षदों के वोट से महापौर बने थे अब उन्ही जनता के बीच जाकर उन्हें वोट माँगना पड़ेगा , पिछले 5 साल में कांग्रेस की सरकार और महापौर ने विकास के नाम पर भ्रष्टाचार किया है । कांग्रेस ने शहरी जनता से अपने घोषणा पत्र में वादा किया था कि नगरीय निकायों में कांग्रेस के महापौर और अध्यक्ष बनने पर निगम क्षेत्र में रहने वाली जनता का मकान ,दुकान का सम्पत्ति कर आधा करेंगे , स्व सहायता समूह की महिलाओं का ऋण माफ करेंगे , अवैध कॉलोनियों का नियमितीकरण कर विकास करायेंगे , निराश्रित , विधवा , विकलांग वृद्धावस्था पेंशन धारकों को 1500 रुपये प्रतिमाह देंगे । निगम पंचायत क्षेत्रों में शराब दुकान बन्द कर प्रदेश में शराब बन्दी करेंगे । क्या हुआ इन वादो का कांग्रेस सरकार ने 5 सालों में इन्हे पूरा किया कि नही किया महापौर एजाज ढेबर और कांग्रेस के नेता जवाब दे जनता तो पुचेगी क्या हुआ घोषणा पत्र में किये गए वादो का कांग्रेस के महापौर और नेता इसलिए डरे हुए हैं ।

## विद्युत व्यवस्था सुधारो नहीं तो होगा उग्र प्रदर्शनःकुलबीर

**राजनांदगांव , 5 दिसम्बर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिंघोला सब स्टेशन में बार-बार विद्युत प्रवाह अवरूद्ध हो रहा है जिसके कारण धामनसरा, सुरगी, मलपुरी, सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीण अघोषित बिजली बंद से परेशान हो चुके है। वीआईपी कहे जाने वाले राजनांदगांव में आए दिन बिजली गुल हो रही है जिसके कारण चोरी जैसी वारदातें बढ़ रही है, किन्तु विद्युत कंपनी के अफसरों के साथ-साथ भाजपाई नेताओं के कान में जू तक नहीं रेग रहा। जिसको लेकर 04 दिसंबर बुधवार को शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधि ज्ञापन देने पहुंचे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने अफसरों को चेताते हुए कहा कि सिंघोला सब स्टेशन के विद्युत व्यवस्था सुधारों नहीं तो अंजाम भुगतने को तैयार रहो। ग्रामीण अंचल में अंधेरे की वजह से



असामाजिक तत्वों द्वारा आसानी से लूट, हत्या, चोरी जैसी वारदातें को अंजाम देती है। ग्रामीणों द्वारा बिजली बंद की शिकायत कई बार कर चुके है, फिर व्यवस्था जस की तस बनी हुई है। कहने को तो राजनांदगांव विधानसभा वीआईपी जिला कहलाता है परंतु समस्या सुनने वाला कोई नहीं क्योंकि यहां के विधायक व सांसद राजनांदगांव को से कोई मतलब ही नहीं रखते है। राजनांदगांव का दुर्भाग्य है कि यहां के विधायक, पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डा.रमन सिंह का विधानसभा क्षेत्र है, इनके बावजूद बिजली अवरूद्ध रहता है। हम कांग्रेस कई बार यहां के विधायक का ध्यानाकर्षण कराया उसके बावजूद भी समस्या यथावत है कोई सुधार नहीं हुआ है। यहां के विधायक डा.रमन सिंह अपने क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था नहीं सुधार पा रहे हैं ये बड़ी ही सोचनीय विषय है। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने विद्युत विभाग को लचर बना दिया है। अफसरों को चेतावनी देते हुए कहा कि कांग्रेस जनता के हित में सड़क की लड़ाई लड़ी है। विद्युत व्यवस्था नहीं सुधरी तो आने वाले दिनों में स्थानीय विधायक डा.रमन सिंह का पुतला दहन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से पूर्व जनपद सदस्य योगेन्द्र दास वैष्णव, डोमार साहू, लोकेश गंगवीर, सरपंच दिल्लू साहू, सरपंच केशव हिरवानी, उपसरपंच कृतलाल, मुकेश, रोशन साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# पोटाश बम से घायल हाथी ने 4 वर्ष की कमार बच्ची को उतारा मौत के घाट

**उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व गरियाबंद के उप निदेशक वरुण जैन की गंभीर लापरवाही उजागर**

**उत्तम साहू**

**नगरी,5 दिसंबर।** उदंती सीता नदी टाईगर रिजर्व के ग्राम आमाबहार में चार वर्ष की कमार बच्ची को कथितरूप से घायल हाथी ने 3 दिसंबर के दरमियानी रात 11 बजे के करीब घर पर सो रही 4 साल की मासूम कमार बच्ची को सूंड में उठाया और पटक कर पैरों से कुचल दिया इस घटना से बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई है, इस घटनाक्रम में वनविभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है, इस घटना की उच्च स्तरीय जांच होगी तो मामले का खुलासा हो जाएगा, बताया जा रहा है कि घायल हाथी चलने फिरने में सक्षम है, इसके बाद भी उनके मार्ग को अवरूद्ध किये जाने की वजह से यह दर्दनाक घटना हुआ है इसका खामियाजा चार साल की मासूम बच्ची को अपनी जान देकर





चुकानी पड़ी है, बताया गया है कि घायल हाथी का बच्चा उड़ीसा के तरफ जा रहा था,इस बीच उप निदेशक वरुण जैन के निर्देश पर हाथी के रास्ते को अवरुद्ध किया गया है, ऐसा करके वन्य प्राणी को क्या घरेलू बनाया जा सकता है..? पोटाश बम की अफवाह भी संदिग्ध लग रहा है। आज तक इस क्षेत्र में हाथी के हमले से 6 लोगों को अपने जान से हाथ धोना पड़ा है, बता दें कि जिस कमार बच्ची को हाथी ने हमला कर मौत के घाट उतारा है वह हाथी विगत दिनों कथित रूप से पोटाश बम से घायल हो गया था, जिसका इलाज वन विभाग के द्वारा कराया जा रहा है जिसका विडियो मिडिया की सुर्खियां बनी हुई है,अब यह सवाल उठता है की वन विभाग के द्वारा जब हाथी का इलाज कराया जा रहा है तो यह हादसा कैसे हुआ..? क्या हाथी का निगरानी नहीं हो रहा था..? अगर हाथी का निगरानी किया जा रहा था तो बच्ची पर हमला कैसे हुआ ? इसका जवाब तो वन विभाग ही दे सकता है, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि घायल हाथी पर वन विभाग का कोई कंट्रोल नहीं है, ऐसा प्रतीत होता है कि घायल हाथी के ईलाज का विडियो बना कर उप निदेशक वरुण जैन के द्वारा अपने वाहवाही के लिए मिडिया में सुर्खियां बटोरने का कार्य किया गया है, उपनिदेशक के द्वारा वन्य प्राणी संरक्षण के विपरीत कार्य किया है जिसके वजह से बच्ची की जान गई है।

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों एक सिंगल घायल हाथी जिसका प्राकृतिक विचरण क्षेत्र को रोककर फोटोग्राफी एवं इलेक्ट्रॉनिक प्रिंट मीडिया में लाने हेतु उड़ीसा राज्य वन मंडल नवरंगपुर रायघर रेंज के कुंदई सेक्टर जो सीतानदी अभ्यारण्य क्षेत्र की सीमा से लगभग आधा किलोमीटर दूर है उनका प्राकृतिक मार्ग को माह नवंबर 2024 के अंतिम सप्ताह में वरूण जैन के द्वारा अवरुद्ध कराया गया तथा अपने क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर इलाज के नाम पर वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के विपरीत अवैधानिक कृत्य करते हुए जमकर वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी करवा कर पत्र पत्रिकाओं में शेयर भी किया और टेलीविजन में इंटरव्यू दिया है जो कि वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के विपरीत है।

जब हमारे नगरी संवाददाता ने इस घटना की जानकारी लेने सहायक संचालक एम आर साहू से बात किया तो उन्होंने बताया की हाथी के हमले से चार साल की बच्ची की मौत हुई है उसकी जिम्मेवार वरुण जैन है श्री जैन के विरुद्ध परोक्ष रूप से हत्या का मामला दर्ज करवाने के लिए वरिष्ठ कार्यालय में प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) अरण्य भवन अटल नगर नया रायपुर को पत्र लिखा गया है ताकि वन्य जीवों के साथ-साथ जंगल में रह रहे आदिवासी जनजाति के ग्रामीणों को भी उचित न्याय मिल सके।

# प्रभारी सचिव ने धान खरीदी केन्द्र का किया अवलोकन

**राजनांदगांव 5 दिसम्बर।** जिले के प्रभारी सचिव श्री अविनाश चंपावत ने आज जिले के प्रवास के दौरान धान खरीदी केन्द्र गठुला और ग्राम बोईरडीह में जल जीवन मिशन के तहत एकल ग्राम नल जल योजना, आरोहण बीपीओ सेंटर, नशा मुक्ति केन्द्र, प्रोजेक्ट त्रिनेत्र कंट्रोल रूम का अवलोकन किया। प्रभारी सचिव श्री अविनाश चंपावत ने जिले में जमीनी स्तर पर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित थी।

**प्रभारी सचिव ने धान खरीदी केन्द्र गठुला का किया निरीक्षण** -प्रभारी सचिव श्री अविनाश चंपावत ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम गठुला धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां किसानों से चर्चा कर उनकों मिल रही सुविधाओं और समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने धान की गुणवत्ता तथा आर्द्रता मापी यन्त्र से धान की नमी और इलेक्ट्रानिक तौल मशीन का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। उन्होंने कहा की धान बेचने में किसानों को कोई परेशानी न



हो, इसके लिए शासन-प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्था की जा रही है। धान विक्रय करने में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर निराकरण किया जाएगा। उन्होंने किसानों से ऑनलाईन टोकन, नाप तौल तथा कोचियों व बिचौलियों के संबंध में जानकारी ली। किसानों ने बताया कि धान विक्रय करने में किसी प्रकार की समस्या नहीं हो रही है। धान खरीदी केन्द्र में सभी व्यवस्था अच्छी की गई है। उन्होंने किसानों को एम किसान पोर्टल में पंजीयन कराने कहा। जिससे किसानों को केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं को लाभ मिल सकेगा। उन्होंने धान खरीदी केन्द्र में आने वाले किसानों का एम किसान पोर्टल में पंजीयन कार्य शुरू कराने अधिकारियों को निर्देश दिए।

**प्रभारी सचिव ने ग्राम बोईरडीह में नल जल योजना का किया अवलोकन** -जिले के प्रभारी सचिव श्री अविनाश चंपावत ने आज ग्राम बोईरडीह में जल जीवन मिशन के तहत एकल ग्राम नल-जल योजना का अवलोकन किया। उन्होंने ग्रामीणों से नल कनेक्शन से पानी की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम में 285 नग टेप नल कनेक्शन मिला है। यहां नई टंकी के माध्यम से जल प्रदाय हो रहा है। नल के माध्यम से घर पर ही सुबह-शाम पर्याप्त पानी मिल रहा है।

**प्रभारी सचिव ने किया आरोहण बीपीओ सेंटर का अवलोकन**-जिले के प्रभारी सचिव श्री अविनाश चंपावत ने टेक्नोटास्क बिजनेस कॉल के संचालकों से इस सेंटर के संचालन और गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह बहुत अच्छा रोजगारोन्मुखी केन्द्र है। संचालकों ने बताया कि सेंटर में लगभग 900 लोग कार्य कर रहे हैं। यह शिफ्टवार संचालित किया जाता है।

**प्रभारी सचिव ने नशा मुक्ति एवं परामर्श केन्द्र का किया अवलोकन** -- प्रभारी सचिव ने जिले में संचालित नशा मुक्ति एवं परामर्श केन्द्र राजनांदगांव का अवलोकन किया। प्रभारी सविव ने नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती मरीजों से बातचीत कर केन्द्र में दी जाने वाली सुविधाओं एवं लाभ के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मरीजों समझाईश देते हुए कहा कि दोस्ती अच्छे व्यक्ति से करें। उन्होंने मरीजों को यहां से जाने के बाद हूनर के अनुरूप अच्छा कार्य करने कहा। नशा मुक्ति एवं परामर्श केन्द्र में मनोवैज्ञानिक की सुविधा, सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा काउंसलिंग, योग थेरेपी मेडिटेशन संगीत व्यायाम की सुविधा, निःशुल्क आवास एवं भोजन की सुविधा, निःशुल्क उपचार की सुविधा दी जा रही है।

## कलेक्टर ने टीबीमुक्त भारत अभियान के संबंध में अंतर विभागीय बैठक ली

**राजनांदगांव 5 दिसम्बर।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन के तहत 2025 तक टीबी उन्मूलन के लक्ष्य के के तहत टीबी मुक्त भारत अभियान के संबंध में अंतर विभागीय बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने टीबी मुक्त भारत अभियान में जन भागीदारी के लिए कार्य करने वाले जनप्रतिनिधि, स्वयं सेवी संगठन, स्वास्थ्यकर्मी, मितानिन को अपना योगदान देने और टीबी मुक्त जिला बनाने में बेहतर कार्य करने की अपील की है। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न ने बताया कि 7 दिसंबर से 24 मार्च तक टीबी मुक्त भारत थीम पर जन भागीदारी से टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत 7 दिसंबर को अभियान का शुभारंभ होगा एवं 8 दिसंबर को समुदाय के लोगों को निश्चय मित्र बनाने प्रेरित किया जाएगा। अभियान के तहत 23 से 31 दिसंबर तक जनप्रतिनिधि एवं जनसमुदाय के सहयोग से टीबी, मलेरिया, कुष्ठ के संबंध में जागरूक किया जाएगा। टीबी मुक्त भारत अभियान में जिले के सभी शासकीय विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत प्रतिनिधि, स्वयंसेवी संगठन भी अपनी सहभागिता निभाएंगे। जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री संदीप ताम्रकार ने बताया की टीबी मुक्त भारत अभियान घर घर सर्वे किया जाएगा, जिसमें लोगों की स्क्रीनिंग निर्धारित प्रारूप में की जाएगी। अभियान के संबंध में खंड चिकित्सा अधिकारी का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

संपादकीय

# अखिलेश ने संभल को बड़ा मुद्दा बना दिया

कोई भी मुद्दा अपने आप में बड़ा नहीं होता है, वह सामान्य मुद्दा होता है, उसे काबिल नेता बड़ा मुद्दा बना देता है, इतना बड़ा मुद्दा बना देता है कि लोगों को भी लगता है कि हां यह मुद्दा तो वाकई बड़ा मुद्दा है। मुद्दा छोटा हो तो चलेगा लेकिन नेता बड़ा होना चाहिए। बड़ा नेता छोटे मुद्दे को भी बड़ा मुद्दा बना लेता है। कई नेता ऐसे होते हैं जो मानते हैं कि वह जिस मुद्दे को उठाते है,वह बड़ा मुद्दा हो जाता है। हकीकत में यह उसका वहम होता है और कोई भी नेता उसके इसस वहम को दूर कर देता है। जैसे राहुल गांधी देश व दुनिया को समझा रहे थे कि अडानी का मुद्दा बड़ा मुद्दा है, बड़ा मुद्दा है इसलिए राहुल गांधी उठा रहे हैं। राहुल गांधी जो भी मुद्दा उठाते हैं, वह बड़ा मुददा होता है, कई दिनों तक राहुल गांधी ने अडानी के मुद्दे पर संसद नहीं चलने दी ताकि साबित किया जा सके कि अडानी का मुद्दा बड़ा मुद्दा है। राहुल गांधी संसद नहीं चलने देंगे तो वह कोई छोटा मुद्दा तो होगा नहीं, राहुल गांधी संसद ठप कर रहे हैं, इसलिए मानना पड़ेगा कि राहुल गांधी बड़ा मुददा उठा रहे हैं। शुरू में विपक्ष के नेता भी उनके पीछे खड़े रहे और अडानी के मुद्दे को बड़ा मुद्दा बताते रहे। इससे राहुल गांधी को वहम हो गया कि वही विपक्ष के नेता है और विपक्ष वही करेगा जो वह चाहेंगे वह अडानी का मुद्दा उठाएंगे तो विपक्ष भी उनके साथ मजबूर होकर खड़ा रहेगा। सबसे पहले टीएमसी ने राहुल गांधी का यह वहम तोड़ दिया। टीएमसी ने साफ साफ कह दिया कि वह अडानी के मुद्दे पर कांग्रेस के साथ नहीं है, संसद में उठाने के लिए उनके अपने मुद्दे हैं वह संसद में अपने मुद्दे उठाएंगे। इसके बाद राहुल गांधी ने संसद परिसर में अडानी मामले में प्रदर्शन किया तो टीएमसी उसमें शामिल नहीं हुई और सपा भी शामिल नहीं हुई। यानी टीएमसी और सपा ने राहुल गांधी का साथ अडानी मामले में छोड़ दिया और साफ कह दिया यदि आपको अडानी का मामले उठाते रहना है तो आप अकेले उठाते रहो। इंडी गठबंधन के टीएमसी व सपा दोनों बड़े राजनीतिक दल हैं। दोनों ने राहुल गांधी से अलग रास्ता अपनाकर साफ कर दिया है कि वह हर मुद्दे पर राहुल गांधी के साथ नहीं है, खासकर संसद के भीतर. क्योंकि राहुल गांधी एक मुद्दे को पकड़कर बैठ जाते हैं और दूसरे मुद्दों को कोई तरजीह नही देते हैं। इसी वजह से टीएमसी पहले नाराज हुई और सपा बाद में नाराज हुई कि उनके मुद्दे उठाने का मौका राहुल गांधी उनको नहीं दे रहे हैं, आए दिन संसद ठप कर देने कई दिन सपा वाले संभल का मुद्दा उठा नहीं सके। जबकि वह यूपी का मुद्दा था और सपा उसको बड़ा मुद्दा बनाना चाहती था।राहुल गांधी मौका नही दे रहे थे संसद में काम शुरू हुआ तो सपा ने संभल का मुद्दा उठाया और राहुल गांधी को बता दिया कि अडानी का मुद्दा बड़ा मुद्दा नहीं है, संभल का मुद्दा बड़ा मुद्दा है। क्योंकि संभल में कई लोगों को जान गई है, जिस मामले कई लोगं की जान जाती है वह मुद्दा बड़ा होता है।यह तर्क देकर अखिलेश ने राहुल गांधी को समझा दिया कि वर्तमान में अडानी नहीं संभल बड़ा मुद्दा है। अब तक राहुल गांधी के सामने कोई खड़ा नहीं हो रहा था, इसलिए राहुल गांधी खुद को विपक्ष का नेता समझ रहे थे लेकिन ममता व अखिलेश ने उनके सामने खड़े होकर बता दिया है कि वह विपक्ष के नेता नहीं है। वह भी विपक्ष की पार्टी के एक नेता हैं जैसे ममता है, जैसे अखिलेश हैं। ऐसा करके अखिलेश बता दिया है कि राहुल गांधी को अभी मुद्दों की समझ नहीं है, वह तय नहीं कर पाते हैं कि बड़ा मुद्दा क्या है। अगर ऐसी क्षमता राहुल गांधी में होती तो वह अडानी के साथ ही संभल के मुद्दे पर ध्यान देते, संसद में कोई बयान देते। राहुल गांधी संसद में अडानी अडानी करते रहे और अखिलेश ने पहले यूपी में संभल को बड़ा मुद्दा बताया और अपनी पार्टी को मुसलमानों के साथ खड़ी होने वाली पार्टी के रूप में पेश किया। इस मामले में कांग्रेस ने यूपी में संभल को सपा की तरह महत्व देने की कोशिश की लेकिन आइडिया की कमी से वह पीछे रह गई। सपा ने सबसे पहले खुद को मुसलमानों को मददगार साबित करने के लिए, खैरख्वाह साबित करने के लिए संभल में मारे गए पांच लोगों के लिए पांच पांच लाख रुपए मुआवजे की घोषणा कर दी और कांग्रेस से बढ़त ले ली। इसी के साथ संभल नहीं जाने देने पर जिस जेल में संभल के लोगों को रखा गया है सपा के नेता वहां पहुंच गए और उन लोगों से मुलाकात की। ऐसा करके सपा ने कांग्रेस से और बढ़त ले ली। कांग्रेस संभल मामले में सपा से पीछे रही है। सपा के लोगों के बाद कांग्रेस के लोगों ने भी संभल जाने का प्रयास किया। जेल में बंद लोगों को परिवार से मिले और उनकी बात राहुलगांधी से करवाई। इस तरह यूपी में तो सपा व कांग्रेस के बीच मुसलमानों का खैरख्वाह बनने होड़ लगी हुई थी। कांग्रेस इस मामले में यूपी तक सीमित रही तो सपा ने इस मामले को संसंद में उठाकर फिर कांग्रेस से बढ़त ले ली। मुसलमान वोट बैंक के लिए सपा व कांग्रेस में यूपी में एक होड़ सी लगी हुई है। इसी होड़ के तहत राहुल गांधी जिन्होंने संभल के बार में कुछ नहीं कहा था अचानक संभल जाने के प्लान बना लिया। जबकि मालूम है कि संभल जाने में 10 दिसंबर तक बाहरी लोगो के प्रवेश पर रोक लगी हुई है। फिर सपा व कांग्रेस के नेताओं ने संभल जाने का प्रयास किया है तो इसलिए नहीं है कि वह वाकई में मुसलमानों को भला चाहते हैं। प्रयास तो इसीलिए किया जा रहा है कि टीवी में फोटो आएगी तो मुसलमानों को पता चलेगा कि उनके लिए कांग्रेस व सपा नेता कितने परेशान है। वैसे कांग्रेस सपा नेताओं से पूछों कि क्या आप मुसलमानों की पार्टी हो तो सब कहते हैं हम सभी लोगों की पार्टी है लेकिन जब पूरे देश में बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार का विरोध किया जा रहा है तो कांग्रेस व सपा दोनो चुप है, संभल की चिंता कर रहे हैं।

जीवन दर्शन

किशन सनमुखदास भावनानीं

# आओ प्रशंसा कर हौसला बढ़ाएं-निष्ठाहीन प्रशंसा चापलूसी को छोड़ें

कुदरत द्वारा रचित इस खूबसूरत सृष्टि में बेहद शक्तिशाली, बुद्धिमान मानवीय प्राणी की रचना कर उसमें ऐसे अद्भुत गुणों की खान को मन, हृदय, मस्तिष्क रूपी शरीर के हिस्सों में इस तरह समायोजित किया है कि अपनें एक एक गुण शक्ति को पहचान कर उसे निखारा जाए तो श्रेष्ठ मानव की मिसाल कायम करने में देर नहीं लगेगी परंतु हम मानवीय जीव एसी उलझन में फंस कर रह गए हैं कि आज एक मानव ही दूसरे मानव का दुश्मन



हो कर उसके हर काम की ऐसी आलोचना करता है कि सकारात्मक भाव, कार्य, गुण,मेहनत कोनकारात्मक निरउपयोगी और बेकार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ता और अहंकार रूपी मैं मैं का बोध धारण कर उस विकार को अपनी शक्ति समझकर पालते है जबकि हम अपने दोस्तों की तो क्या, दुश्मनों के अच्छे कार्य की अगर थोड़ी सी तारीख प्रशंसा कर दें तो उसके लिए यह औषधि का काम करेगी क्योंकि तारीफ, प्रशंसा एक फूल की सुगंध रूपी व सार्थक शक्ति है जो मनुष्य की सोई हुई उर्जा को जगा कर मंजिल तक पहुंचाने का काम करती है ! जब कोई हमारी तारीफ करता है तो हमारे व्यक्तित्व में मिठास घुलने लगती है। प्रशंसा की यह मिठास न केवल कानों में प्रवेश करती है बल्कि मन के द्वारा हृदय में घुल जाती है और हमारे मंजिल तक पहुंचने का कारण बनती है आज के आर्टिकल में हम इसी औषधि तारीफ और प्रशंसा रूपी सुगंध का विश्लेषण करेंगे। साथियों बात अगर हम तारीफ और प्रशंसा दोनों शब्दों की करें तो दोनों में बहुत सामान्य अंतर हैं, इनमें मुख्य अंतर यह है कि एक तारीफ कृतज्ञता, बधाई, प्रोत्साहन या सम्मान की अभिव्यक्ति है, जबकि प्रशंसा एक उचित मूल्यांकन या योग्यता, मूल्य या उत्कृष्टता की मान्यता का अनुमान हैं। इसका उपयोग उस व्यक्ति को धन्यवाद देने के लिए किया जाता है जिसने आपके लिए कुछ अच्छा किया है या कुछ ऐसा किया है जो आपको लगता है कि उसे प्रशंसा या विचार दिया जाना चाहिए। तारीफ का एक अच्छा उदाहरण है - आप वाकई साहसी हैं। प्रशंसा किसी ऐसी चीज की मान्यता या चिंता है जो आकर्षक है। किसी वस्तु को अत्यधिक ध्यान में रखना, जैसे मूर्ति का काम, उसकी सराहना करने का एक उदाहरण है। प्रशंसा को कृतज्ञता की भावनाओं के रूप में परिभाषित किया गया है। प्रशंसा का एक उदाहरण है - मैं आपके भारी काम और समर्पण के लिए सार्वजनिक रूप से आपको धन्यवाद देना चाहता हूं। साथियों बात अगर हम तारीफ और प्रशंसा के सामर्थ्य व्यक्तित्व के गुणों की करें तो, एक श्लोक आया हैं, अष्टौ गुणाः पुरुषं दीपयन्ति, प्रज्ञा च कौल्यं च दमः श्रतुं च !पराक्रमश्चबहुभाषिता च दानं यथाशक्ति कृतज्ञता च॥

अर्थ-सर्वेश्रेष्ठ आठ गुणों से मनुष्य की बहुत प्रशंसा होती है-(1) बुद्धि (2) कुलीनता, (3) मन का संयम,(4) ज्ञान, (5) बहादुरी, (6) कम बोलना, (7) दान देना और (8) दूसरे के उपकार को याद रखना। इनका सामूहिक अर्थ, व्यक्ति अपनी बुद्धि का सही तरीके से उपयोग करना जानता है, वह अपनी लाइफ में बहुत सक्सेस पाता है। जो व्यक्ति बिना सोच-समझे कोई काम करता है, उसे अक्सर असफलता का मुंह देखना पड़ता है। जिस व्यक्ति का व्यवहार सरल और सहज होता है, वह भी अपने इस नेचर के कारण प्रसिद्धि पा सकता है। जबकि इसके उलट व्यवहार करने वाला व्यक्ति कभी किसी का प्रिय नहीं होता। जो व्यक्ति अपने मन यानी इंद्रियों को नियंत्रण में रखता है, वह साधु के समान होता है। ऐसा व्यक्ति महान गुरु बनकर भटके हुए मनुष्यों को रास्ता दिखाता है। यही काम करते हुए वह प्रशंसा और प्रसिद्धि पा सकता है। साथियों ज्ञान यानी नॉलेज। जिस व्यक्ति के पास ज्ञान होता है, वह हर समस्या का सामना कर लेता है। साथ ही वह लोगों को सही सलाह देकर उनकी परेशानियां भी कम करता है। ऐसे लोग अपने नॉलेज के दम पर अलग जगह बनाते हैं और प्रशंसा पाते हैं। जो व्यक्ति पराक्रमी यानी बहादुर होता है वह अपने दम पर प्रसिद्धि पाता है।विषमपरिस्थिति में भी ऐसे लोग घबराते नहीं है और दूसरों की भी मदद करते हैं। इनका यही काम इन्हें लोकप्रिय बनाता हैं।जो व्यक्ति हमेशा सोच-समझकर बोलता है, कब क्या बोलना है यह जानता है, वह अपनी लाइफ में काफी प्रसिद्ध होता है। जो ज्यादा बोलते हैं, कब क्या बोलना है यह नहीं जानते, उनका कोई सम्मान नहीं करता। धर्मों में दान करना अनिवार्य माना गया है। जो व्यक्ति अपनी क्षमता के अनुसार दान करता है वह अपनी लाइफ में सक्सेस भी होता है और फेम भी पाता है। जीवन में कभी न कभी सभी को मदद की जरूर पड़ती है। जो लोग मदद करने वाले को भूल जाते हैं, उन्हें अपने जीवन में हमेशा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके विपरीत जो लोग मदद करने वाले को हमेशा याद रखते हैं और उनके सुख-दुख में साथ देते हैं, वे भी प्रसिद्धि पाते हैं। साथियों बात अगर हम तारीफ प्रशंसा की जरूरत की करें तो, प्रोत्साहन की जरूरत बच्चों ही नहीं, बडों को भी होती है। घर से लेकर स्कूल-कॉलेज, सार्वजनिक स्थलों और कार्यस्थल तक इसकी आवश्यकता पडती है।शिक्षक की जरा सी तारीफ से बच्चे का आत्मविश्वास बढ सकता है तो पेरेंट्स काप्रोत्साहन उसे बेहतर भविष्य की ओर बढने को प्रेरित करता है। अरे वाह ! तुमने तो इतना मुश्किल सवाल हल कर दिखाया, शाबाश ! यह छोटा सा वाक्य नन्हे मस्तिष्क पर बडा प्रभाव पैदा करता है। सराहना के चंद लफ्ज रिश्तों को खुशगवार बना सकते हैं। मां, तुम्हारे हाथों में तो कमाल है! बच्चे की छोटी सी तारीफ मां की डिक्शनरी का सबसे खूबसूरत वाक्य बन सकती है।

साथियों बात अगर हम धार्मिक साहित्य पुराणों में तारीफ प्रशंसा की करें तो, महाकवि कालिदास लिखते हैं- स्तोत्रं कस्य ना तुष्टये। स्तुति अर्थात प्रशंसा किसे प्रसन्न नहीं करती है वेदों, पुराणों में देवी-देवताओं की स्तुति के लिए विविध स्तोत्रों की रचना की गई है। रामचरितमानस के किष्किंधा काण्ड में जब हनुमान को सीता की खोज में समुद्र के पार जाना था, वह उदास और गुमसुम से बैठे थे। उस समय रीछराज जामवंत की प्रशंसा प्रोत्साहित करने वाली थी और उन्हें सागर पार जाने का हौसला देने वाली थी।

साथियों बात अगर हम तारीफ प्रशंसा में एक ट्विस्ट अदृश्य विष करें तो, यहीं से कुछ झंझटें भी शुरू हो जाती हैं, क्योंकि प्रशंसा के भीतर अदृश्य विष छुपा होता है प्रशंसा हमें अच्छे कर्म के लिए प्रेरित कर सकती है या अहंकार पैदा कर गिरा भी सकती है। प्रशंसा को धीर-गंभीर लोग तुरंत पचाने में लग जाते हैं और किसी अच्छे काम के लिए प्रेरित होते हैं। प्रशंसा प्रेरणा बन जाती है। परंतु मूर्ख प्रशंसा सुनकर अहंकार पाल लेते हैं। उनका ह्यमैंह्ण और प्रबल हो जाता है। ह्यमैंह्ण लगभग दूसरी मौत का नाम है। हमें इससे बचना चाहिए, क्योंकि कुछ लोग हमारी प्रशंसा अहंकार बढ़ाकर हमें बर्बाद करने के लिए कर सकते हैं। यही प्रशंसा का जहर है।

साथियों चापलूसी और तारीफ दोनों का इस्तेमाल किसी की तारीफ करने के लिए किया जाता है। हालाँकि, चापलूसी और तारीफ में बड़ा अंतर है। चापलूसी और तारीफ के बीच मुख्य अंतर ईमानदारी में है। चापलूसी अत्यधिक या निष्ठाहीन प्रशंसा है जबकि तारीफ किसी चीज या किसी की वास्तविक प्रशंसा है। जैसा कि कहानीयों में देखा गया है, एक व्यक्ति आमतौर पर अपने हितों को आगे बढ़ाने के लिए दूसरे की चापलूसी करता है। उसका मकसद उस व्यक्ति से कुछ उधार लेना, किसी चीज के लिए मदद लेना, अपने बारे में सकारात्मक धारणा बनाना या यहां तक ??कि नुकसान पहुंचाना भी हो सकता है। हालाँकि बहुत से लोग उनकी चापलूसी करते हैं, चापलूसी कभी भी किसी को प्रभावित करने का एक अच्छा तरीका नहीं है। यह व्यक्ति की जिद और बेईमानी को दर्शाता है।साथियों कुछ लोग ऐसी श्रेणी में आते हैं जो न गंभीर होते हैं और न मूर्ख। इन्हें सहज कह सकते हैं। सबसे अच्छा तरीका यही है। सहजता से सुनिए और भूल जाइए। तब प्रशंसा ऐसा लाभ देगी, जो दिखेगा नहीं लेकिन भविष्य में काम कर जाएगा। आप सहज हैं तो सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि प्रशंसा के समय आपकी सोच, जो हो सो हो, लेकिन आलोचना के समय आप परेशान नहीं होंगे। आलोचना के समय धीर-गंभीर व्यक्ति को भी ताकत लगानी पड़ती है और मूर्ख तो आवेश में आ ही जाते हैं। सहज व्यक्ति दोनों ही स्थिति में अपनी खुशी से सौदा नहीं करेगा। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आओ तारीफ और प्रशंसा कर हौसला बढ़ाएं- निष्ठाहीन प्रशंसा चापलूसी को छोड़ें।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए कुछ उलझनों से भरा रहने वाला है। आपको अपने कामों को करने में कुछ समस्याएं आएंगी। आपका मन थोड़ा परेशान रहेगा। जीवनसाथी से भी खटपट हो सकती है, जो लोग किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे हैं ,उन्हें अपने कीमती सामानों पर थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है। राजनीति में कार्यरत लोगों के कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं, जो उनके कामों में विघ्न डालने की कोशिश करेंगे।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए तरक्की के नए-नए मार्ग खोलेगा। आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आप किसी भी काम में हाथ डालेंगे उसमें आपकी इनकम में बढ़ोतरी होगी। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। यदि आपको कोई काम पूरा होने में समस्या आ रही थी, तो वह भी पूरा होगा। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई लिखाई पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए भागदौड़ से भरा रहेगा। आपको अपने कुछ पिछले कामों को निपटाने की कोशिश में लगे रहेंगे और व्यापार में भी यदि आपके कुछ काम रूके हुए थे, तो उन्हें भी पूरा करने की कोशिश करेंगे। आपका कोई मित्र आपके लिए कोई निवेश संबंधी प्लान लेकर आ सकता है। संतान को तरक्की करते देख आपको खुशी होगी। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है। पारिवारिक समस्याएं फिर से सिर उठाएंगी।

कर्क- आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरूआत करने के लिए रहेगा। आपको अपने विरोधियों से थोड़ा सतर्क रहना होगा। यदि आपको रूपए पैसे से संबंधित कोई समस्या आएगी, तो उसमें आपके परिवार के सदस्य आपकी मदद अवश्य करेंगे। किसी प्रॉपर्टी को लेकर आप कोई लोन अप्लाई कर सकते हैं। आपके घर में किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। संतान को तरक्की करते देख आपको खुशी होगी।

सिंह- आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको अपने धन को लेकर थोड़ा सतर्क रहना होगा। आप किसी को उधार देने से बचें। आपका डूबा हुआ धन आपको मिलने की संभावना है। बिजनेस में भी आप अपनी योजनाओं पर अच्छा खासा धन लगाएंगे। किसी पैतृक संपत्ति की प्राप्ति होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों का कोई पुराना साथी वापस आ सकता है।

कन्या- आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आप किसी नए मकान और दुकान आदि की खरीदारी कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छा रहेगा। यदि आपकी कोई डील लंबे समय से रुकी हुई थी, तो वह भी फाइनल हो सकती है। आप अपनी संतान को कुछ जिम्मेदारियां दे सकते हैं। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको अपनी पारिवारिक समस्याओं पर पूरा ध्यान देना होगा।

तुला- आज का दिन आपके लिए अचानक लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा। आपके बिजनेस में कुछ गुप्त शत्रु हो सकते हैं, जो आपके मित्र के रूप में होंगे, जिन्हें आपको पहचाना होगा। संतान की शिक्षा को लेकर आपको कहीं बाहर जाना पड़ सकता है, तभी उन्हें किसी नये कोर्स में एडमिशन मिलेगा। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोग अपने कामों पर पूरा ध्यान देंगे। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए ऊजार्वान रहने वाला है। आप अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाएं, नहीं तो कामों को करने में समस्या आएगी। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आप किसी की कहीसुनी बातों में ना आएं। माताजी की सेहत में कुछ गड़बड़ी होने से आपको समस्या आएगी। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आपका कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद मिलने आ सकता है।

धनु- आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। यदि आपकी किसी बात को लेकर कहासुनी चल रही है, तो आप उस पर पूरा ध्यान दें। किसी पैतृक संपत्ति को लेकर कोई कानूनी विवाद हो सकता है। आप अपने घर के रिनोवेशन पर भी पूरा ध्यान देंगे। आपको भाई और बहनों का पूरा सहयोग मिलेगा। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। आपको किसी किसी से कोई बात सोच समझकर बोलनी होगी।

मकर- आज का दिन आपके लिए सेहत के मामले में उतार चढ़ाव भरा रहने वाला है। आपको अपनी सेहत पर पूरा ध्यान देना होगा। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो वह भी आपको वापस मिल सकता है। आपको अपनी पारिवारिक समस्याओं पर पूरा ध्यान देना होगा, जो लोग रोजगार की तलाश में दर-दर भटक रहे हैं, उन्हें कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है। आपको अपनी माताजी से कोई मन की बात कहने का मौका मिलेगा।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए किसी काम में बिना सोचे समझे हाथ डालने से बचना होगा। आपकी दीर्घकालिन योजनाओं को गति मिलेगी। बिजनेस में आप किसी से पार्टनरशिप ना करें। आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा। नौकरी में कार्यरत लोगों को मन मुताबिक काम मिलने से उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपका कोई पारिवारिक विवाद बढ़ सकता है, जिसमें आपसी रिश्ते खराब हो सकते हैं।

मीन- आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ाने के लिए रहेगा। आपको किसी काम में बहुत ही सोच समझकर आगे बढ़ना होगा। आप कोई निर्णय जल्दबाजी में ना लें, नहीं तो बाद में आपको उसके लिए पछतावा होगा। जीवनसाथी आपके कामो में आपका पूरा साथ देंगे। परिवार में यदि किसी सदस्य के विवाह में यदि कोई बाधा आ रही थी, तो वह भी दूर होगी।

व्यंग्य

# दाल में काला, चाय में घोटाला

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

पार्षदजी बड़े नेता थे। विकास के ठेके से लेकर चाय की दुकान तक हर जगह उनकी पकड़ थी। मोहल्ले में विकास कार्य का उद्घाटन करना हो या मच्छर मारने के लिए फॉगिंग मशीन लगवानी हो, उनकी उपस्थिति अनिवार्य थी। लोग कहते थे, पार्षदजी हैं तो सब मुमकिन है। बस उनसे संपर्क साधिए और अपनी किस्मत की चाय पिए। मोहल्ले के चौराहे पर एक दिन उन्होंने नया अभियान शुरू कियाः 'शुद्धता की चाय, समाज की भलाई'। चाय मुफ्त थी, पर शर्त थी कि आप पार्षदजी का भाषण सुनकर ही चाय की चुस्की ले सकते थे। पार्षदजी का मानना था कि चाय में शुद्धता होनी चाहिए। देखिए, उन्होंने भाषण शुरू किया, हमारे समय में चाय में दूध होता था, शक्कर होती थी, और सबसे बड़ी बात–चाय में चायपत्ती भी होती थी। लेकिन आज की चाय? बस नाम की चाय रह गई है। समाज का नैतिक पतन भी इसी कारण हो रहा है। चाय शुद्ध नहीं तो इंसान कैसे शुद्ध होगा? चाय की दुकान वाले गंगाराम ने तुरंत हामी भरी। पार्षदजी सत्य वचन बोल रहे हैं। मैंने तो अपने ग्राहकों को शुद्ध चाय पिलाने का प्रण ले लिया है। अब से केवल खालिस दूध और असली शक्कर ही इस्तेमाल करूंगा। लेकिन गंगाराम की दुकान के पीछे खड़े चाय आपूर्ति करने वाले सप्लायर ने पार्षदजी के कान में फुसफुसाया, साहब, दूध में पानी मिला रहेगा, थोड़ा चलता है। और शक्कर का दाम बढ़ गया है, नकली शक्कर डाल लें? पार्षदजी गंभीर मुद्रा में बोले, अरे, शुद्धता अभियान में थोड़ा असंशोधन चलता है। पर बात वही रहनी चाहिए। प्रचार जरूरी है। कुछ दिन बाद मोहल्ले में शुद्धता का हल्ला मच गया। हर जगह 'शुद्ध चाय अभियान' के होर्डिंग लगे। लोग सोच रहे थे कि यह अभियान सिर्फ चाय तक सीमित रहेगा। लेकिन नहीं, पार्षदजी की दूरदर्शिता का दायरा विशाल था। उन्होंने अभियान को समाज सुधार का नाम देकर हर क्षेत्र में घुसा दिया। अब मोहल्ले के पानवाले को आदेश मिला कि खैनी की पुड़िया शुद्ध होनी चाहिए। चाटवाले से कहा गया कि गोलगप्पे का पानी आरओ फिल्टर से बने। मोहल्ले के पंचर वाले को भी सख्त निर्देश मिले कि टायर में हवा पूरी 'हाइजीनिक' होनी चाहिए। चाय के ठेके से शुरू हुआ अभियान अब बड़े-बड़े टेंडर तक पहुंच गया। चाय के लिए पार्षदजी ने सरकारी बजट से शुद्धता प्रमाणीकरण मशीन लगवाने का प्रस्ताव पास करवा लिया। मशीन की लागत दस लाख थी, लेकिन ठेकेदार का कहना था कि यह मशीन चीन से आयात करनी पड़ेगी, इसलिए खर्च थोड़ा बढ़ जाएगा। मोहल्ले में मशीन लगाई गई। हर दुकान पर पोस्टर लग गएः यहाँ चाय शुद्धता प्रमाणित है। पर असल में मशीन सिर्फ शोपीस थी। मोहल्ले के किसी भी व्यक्ति ने कभी मशीन को चालू हालत में नहीं देखा। एक दिन पार्षदजी ने बड़े धूमधाम से अभियान की सफलता का जश्न मनाया। बड़े-बड़े नेता, अफसर, और पत्रकार बुलाए गए। पार्षदजी ने कहा, हमने शुद्धता का मतलब सिखाया है। यह सिर्फ चाय की बात नहीं है, बल्कि हमारे समाज की सोच को बदलने का आंदोलन है। एक छोटी शुरूआत से हमने समाज में बड़ी क्रांति लाई है। उधर, गंगाराम की दुकान पर वही सप्लायर खड़ा था। उसने ग्राहकों को इशारा करते हुए कहा, अरे भाई, इस शुद्धता के चक्कर में तुम्हें सिर्फ नाम की चाय मिलेगी। असली चाय तो पार्षदजी के घर पर बन रही है, वह भी मलाईदार। जश्न के बाद मोहल्ले में पार्षदजी के अभियान की असलियत उजागर होने लगी। मशीन ठेकेदार ने दोगुनी कीमत पर बेची थी। दूधवाला गंगाराम अब भी नकली दूध लाता था, लेकिन पार्षदजी को 'प्रसाद' में भेजने के लिए एक स्पेशल केन रखता था। मोहल्ले के युवाओं ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल किया।

राजनीति

# विपक्ष संभल पर आक्रामक तो बांग्लादेश पर खामोश क्यों

संजय सक्सेना,लखनऊ

उत्तर प्रदेश के जिला संभल में जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसकी आहट सुप्रीम अदालत से नेताओं के विवादित बयानों से लेकर राजनैतिक गलियारों तक में सुनाई दे रही है। बीजेपी को छोड़कर सभी राजनैतिक दलों के नेता जामा मस्जिद और पत्थरबाजों के पैरोकार बनकर खड़े हो गये हैं। हाथ में पत्थर और तमंचे लेकर पुलिस पर हमला करने वालों के पक्ष में खड़े यह नेता लगातार योगी सरकार और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ हमलावर हैं। सभी दलों के नेताओं ने संभल को अपना पिकनिक स्पाट बना लिया है। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी हों या फिर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव जैसे तमाम नेता कभी संभल कूच करने का नाटक करते हैं तो कभी अफवाह फैलाकर माहौल खराब कर रहे हैं। संभल के बिगड़े हालात को संभालने के लिये स्थानीय प्रशासन ने 10 दिसंबर तक जिले में बाहरी लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंद्ध लगा रखा है,लेकिन बीजेपी विरोधी नेताओं को जिले में शांति बरकरार हो इससे ज्यादा चिंता अपनी राजनीति चमकाने की है। इस समय संभल में सियासी नजरा ठीक वैसे ही नजर आ रहा है जैसा कभी अयोध्या प्रभु श्रीराम लला के मंदिर निर्माण आंदोलन, मथुरा में श्री कृष्ण भगवान की जन्म स्थली एवं वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद बनाम साक्षात विश्वनाथ मंदिर मामले में देखने को मिला था और मिल रहा है। संभल विवाद और इसको लेकर हिंसा का मामला लोकसभा तक में गूंज चुका है।

कुल मिलाकर संभल विवाद के सहारे सपा प्रमुख अखिलेश यादव,कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अलावा ओवैसी जैसे नेता भी अपनी सियासत चमकाने में लगे हैं। मगर अफसोस की बात यह है कि संभल मामले में मोदी-योगी सरकार को घेरने में लगे दल और नेता बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ जारी हिंसा को लेकर अपने होंठ सिले हुए हैं,मानो यदि इन नेताओं ने बांग्लादेश के हिन्दुओं के पक्ष में कोई बयान दे दिया तो उनका मुस्लिम वोट बैंक उनसे खिसक जायेगा। हां, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जरूर बांग्लादेशी हिन्दुओं के प्रति खुल कर बोल रही हैं। ममता ने मोदी सरकार से सख्त कदम उठाने की भी बात कही है। वहीं बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा और इस्कॉन से जुड़े संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के विरोध में सोमवार 02 दिसंबर को बंगाल में भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में हिंदू संगठनों के कार्यकताओं, आम लोगों, भिक्षुओं ने आंदोलन किया। इन लोगों ने बांग्लादेश की सीमा पर पहुंचकर तमाम ट्रकों को रोके रखा, जो माल लेकर जा रहे थे। इसके चलते लगभग पूरे दिन ही बांग्लादेश के साथ कारोबार प्रभावित रहा। हजारों लोगों ने चिन्मय कृष्ण दास की बिना शर्त रिहाई की मांग को लेकर भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा के पेट्रोपोल पर 24 घंटे के लिए मालवाहक वाहनों को रोके रखा।प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब तक बांग्लादेश सरकार हिंदुओं और उनके मंदिरों पर हमले रोकने के लिए कार्रवाई नहीं करती तथा श्री दास को रिहा नहीं करती, तब तक पेट्रापोल सीमा पर आंदोलन जारी रहेगा। अखिल भारतीय संत समिति के बंगाल चौप्टर के अध्यक्ष स्वामी परमात्मानंद ने भी कहा कि जब तक बंगलादेश की पुलिस हिंदुओं और मंदिरों पर हो रहे हमले को रोकने के लिए कार्रवाई नहीं करती, तब तक पेट्रापोल सीमा पर उनका आंदोलन जारी रहेगा।

आश्चर्य तो इस बात का भी जो विदेशी एजेंसियां हिन्दुस्तान में मुसलमानों पर अत्याचार के मनगढ़त मामले बनाकर हो हल्ला मचाते हैं,उन्हें बंग्लादेश में हिन्दुओं के साथ हो रहा खून खराब नहीं दिख रहा है। बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही हिंसा के मामले में मोदी सरकार ने जरूर चिंता जताई है और बांग्लादेश सरकार से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा करने की मांग की है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संसद में कहा था कि केंद्र सरकार ने बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की घटनाओं को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा करना बांग्लादेश सरकार की जिम्मेदारी है। इसके अलावा, भारत ने बांग्लादेश सरकार से हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हमलों के मुद्दे को लगातार उठाने की मांग की है.

अच्छी बात यह है कि भले ही देश के नेता बांग्लादेशी हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार से दूरी बनाकर चल रहे हों लेकिन बंग्लादेश की अपदस्थ की गई पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना लगातार बांग्लादेश में हिन्दुओं पर किये जा रहे अत्याचार के खिलाफ मुखर हैं। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ हिंसा का दौर जारी है। दुनिया भर में कृष्ण भक्ति का प्रचार-प्रसार करने वाली संस्था आइसकौन से जुड़े संत चिन्मय कृष्णदास को जेल भेजा गया है। उन पर हिंसा भड़काने के आरोप लगाए गए हैं। इसके खिलाफ भी बांग्लादेश में हिंदुओं के बीच गुस्सा है। इस बीच पूर्व पीएम शेख हसीना ने आरोप लगाया है कि बांग्लादेश में हिन्दुओं केहे नरसंहार के जिम्मेदार अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस हैं। शेख हसीना ने तो मोहम्मद यूनुस को बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रही हिंसा का मास्टरमाइंड बताया है।

शेख हसीना ने अवामी लीग के एक कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि मंदिरों, चर्चों पर हमले के पीछे मोहम्मद यूनुस का हाथ है। वह इन घटनाओं के पीछे मास्टरमाइंड की तरह काम कर रहे हैं। 5 अगस्त को तख्तापलट के बाद भारत आईं शेख हसीना ने कहा कि आज मेरे ऊपर आरोप लगाए जाते हैं कि मैंने नरसंहार कराया है। लेकिन असलियत यह है कि मोहम्मद यूनुस ऐसा कर रहे हैं। वह पूरे डिजाइन के साथ काम कर रहे हैं। छात्र संगठनों के नाम पर वह सत्ता में हैं और अब अल्पसंख्यकों की हत्याएं कराई जा रही हैं। वह इसके मास्टरमाइंड हैं। यहां तक कि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के लीडर तारिक रहमान भी कह चुके हैं कि हत्याएं जारी रहीं तो सरकार नहीं चलेगी।

बता दें कि तारिक रहमान बांग्लादेश नेशनल पार्टी की नेता बेगम खालिदा जिया के बेटे हैं। बांग्लादेश में जब तक शेख हसीन की सरकार रही तब तक बंग्लादेश और भारत के संबंध काफी अच्छे थे। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनने के बाद से पाकिस्तान की ओर झुकाव बढ़ा है। बंग बंधु मीजबुर रहमान की प्रतिमा पर हमला हुआ था और उनकी तस्वीरों को दफ्तरों से हटाया गया है। यही नहीं बांग्लादेश निर्माण के नायकों से जुड़े दिनों पर छुट्टियों को भी रद्द किया गया है। हिंदुओं पर भी यह कहते हुए हमले हो रहे हैं कि ये शेख हसीना की सरकार के समर्थक थे। कई बड़ी हिंदू हस्तियों के घरों और आराधनों स्थलों तक पर अटैक की घटनाएं हुई हैं। दरअसल, बांग्लादेश में जहां सन 1947 तक 40 फीसद से कहीं अधिक हिंदू जनसंख्या निवास कर रही थी। यहां के सभी 65 जिलों में हिन्दू आबादी निवास करती है। इन कारणों का विचार करें तो वर्तमान का बांग्लादेश जिस भूमि पर अवस्थित है वो अतीत के कई भारतीय रजवाड़ों की भूमि से मिलकर बना है। इससे असम के अहोम, मेघालय के जयंतिया और त्रिपुरा के त्रिपुरी हिंदू राजशाही का भी कुछ हिस्सा रहा है।

खैर जामा मस्जिद या हरिहर मंदिर विवाद के मामले में गैर बीजेपी दलों के नेता जिस तरह से जमीन आसमान एक किये हुए हैं,उसकी तह में जाया जाये तो जो हकीकत सामने आती है उसके अनुसार मुरादाबाद गजेटियर 1968 के प्रकाशन में हरिहर मंदिर का निर्माण पृथ्वीराज चौहान के द्वारा करवाया गया था जिसे बाद में मुगल शासकों द्वारा तोड़ दिया गया था। गजेटियर में लिखा गया है कि जामा मस्जिद का भवन हिंदू मंदिर जैसा है। दावा किया गया है कि प्राचीन टीले पर बना भवन, जो कि बाबर मस्जिद के नाम से जाना जाता है वह हरिहर मंदिर हो सकता है। आईने अकबरी में भी विष्णु मंदिर होने का जिक्र है। मौजूदा समय में इस भवन को बाबर मस्जिद कहा जाता है। साथ ही लिखा गया है कि मस्जिद का प्रारूप हिंदू मंदिर जैसा है. गजेटियर के मुताबिक भवन तक पहुंचने के लिए 55 सीढ़ियां है. वहां एक बड़ा टैंक एवं प्रवेश द्वार पर कुआं है। भवन में मौजूद फारसी अभिलेख को मुरादाबाद गजेटियर में संदेहास्पद बताया गया है, जिसके मुताबिक इसका निर्माण 1526 में हिंदू बेग द्वारा बाबर के आदेश पर करवाया गया था। हालांकि विवाद सामने आने के बाद कई तरह के दावे सामने आ रहे हैं।

लब्बोलुआब यह है कि न जाने हमारे देश के नेता कौन सा चश्मा लगाते हैं जिसकी वजह से उन्हें दुनिया के किसी भी कोने में मुस्लिमों के साथ होने वाला कथित अन्याय तो दिखता है,लेकिन देश-दुनिया में हिन्दुओं के साथ होने वाली हिंसा नजर नहीं आती है।

**एक नजर**

### क्षयमुक्त भारत के संदर्भ में कुआकोंडा में हुई विकासखंड टास्क फोर्स समिति की बैठक




**दंतेवाड़ा, 5 दिसंबर ।** माननीय प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप 2025 तक क्षय मुक्त भारत के लक्ष्य को साकार करने के उद्देश्य से दंतेवाड़ा जिले के विकासखंड कुआकोंडा में विकासखंड टास्क फोर्स समिति की बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए आयोजित की गई थी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत और पिरामल फाउंडेशन के समन्वय से अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बचेली, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला क्षय अधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में यह बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से 'टीबी मुक्त भारत अभियान के सन्दर्भ में 2025 तक क्षय रोग के सक्रिय मामलों में कमी लाने और ÷टीबी मुक्त पंचायत÷ की संख्या बढ़ाने के लिए रणनीतियां बनाई गईं। इसके तहत संभावित लक्षणों की पहचान और समय पर निदान सुनिश्चित करने हेतु बलगम परीक्षण की प्रक्रिया, 'सक्रिय भागीदारी 'समन्वय विभागों के सहयोग से संभावित मरीजों की पहचान करने, और समुदाय में जागरूकता लाने, पंचायत स्तर पर मरीजों को नियमित दवा सेवन, हेतु प्रेरित करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इसके अलावा विशेष अभियान 'निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़÷ के तहत 100 दिवसीय अभियान में शंकास्पद मरीजों की खोज, उच्च जोखिम समूहों का चिन्हांकन, और ग्राम स्तर पर जनभागीदारी गतिविधियों पर भी चर्चा की गई। बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी, परियोजना अधिकारी, सरपंच, ब्लॉक समन्वयक, मितानिन कार्यक्रम से जुड़े अधिकारी, एसटीएस, पीएमडीटी समन्वयक, पीपीएम समन्वयक, पंचायत विभाग के नोडल अधिकारी, पिरामल फाउंडेशन के जिला कार्यक्रम अधिकारी और अन्य एनटीईपी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कॉन्क्लेव के मुख्य अतिथि होंगे कृषि मंत्री रामविचार नेताम

**दंतेवाड़ा, 5 दिसंबर ।** दंतेवाड़ा जिले में 7 दिसंबर प्रातः 11 बजे ऑडिटोरियम एजुकेशन सिटी जावंगा में ''आर्गेनिक दन्तेवाड़ा कॉन्क्लेव 2024÷ का आयोजन किया जा रहा है। ज्ञात हो कि जिले में जैविक खेती अंतर्गत 110 ग्राम एवं 65,279 हेक्टेयर भूमि के जैविक प्रमाणीकरण प्राप्त करने के उपलक्ष्य में उपरोक्त कॉन्क्लेव का भव्य स्तर पर आयोजन होगा। इस अवसर पर जिले के जैविक कृषकों को भी सम्मानित किया जाएगा।इस प्रकार आर्गेनिक दन्तेवाड़ा कॉन्क्लेव 2024 का आयोजन न केवल जैविक खेती की उपलब्धियों का उत्सव है, बल्कि यह अन्य जिलों और किसानों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनेगा। इस कॉन्क्लेव के मुख्य अतिथि कृषि मंत्री माननीय श्री रामविचार नेताम होंगे और अध्यक्षता क्षेत्र के विधायक श्री चैतराम अटामी द्वारा किया जाएगा। दंतेवाड़ा के जैविक किसानों को सम्मानित करने की यह पहल इस क्षेत्र में कृषि और पर्यावरणीय जागरूकता को प्रोत्साहन देने के उत्तम प्रयासों में से एक है।

### 140 पदों के लिए एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 6 दिसम्बर को

**सुकमा,5 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला सुकमा एवं अन्य जिले के 12वी उत्तीर्ण पुरुष व महिला अभ्यर्थियों हेतु जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र सुकमा द्वारा कार्यालय परिसर में 06 दिसम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। कैम्प के माध्यम से एल.आई.सी. महिला कैरियर एजेंण्ट के 50 पद, एल.आईसी. एजेंण्ट 50 पद, बीमा सखी के 30 पद एवं ग्रामीण वृत्तीय अभिकर्ता के 10 पदों पर भर्ती के लिए एक दिवसीय प्लेसमेन्ट कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से निजि क्षेत्र के नियोजक एल.आई.सी. ऑफ इंडिया दन्तेवाड़ा द्वारा सुकमा जिले में कार्य करने हेतु एल.आई.सी. महिला कैरियर एजेंण्ट (केवल महिला), एल.आईसी. एजेंण्ट, बीमा सखी, एवं ग्रामीण वृत्तीय अभिकर्ता पदों पर भर्ती की जायेगी। इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से निजि क्षेत्र में नियोजन के लिए इच्छुक एवं पात्र पुरुष व महिला अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता, निवास, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि, मूल दस्तावेज, छांयाप्रति एवं पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ सहित उक्त दिवस को प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित होकर रोजगार के सुअवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र सुकमा के सूचना पटल एवं सुकमा जिला के अधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

**हाल-ऐ..दास्तां..गदापाल**

# पूर्व विधायक भीमा मंडावी के गांव गदापाल में विकास कार्यों पर लगा ग्रहण कब होगा दूर

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**







दंतेवाड़ा 5 दिसंबर। दंतेवाड़ा में भाजपा को अर्श से फर्श पर पहुंचाने वाले क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं दिवंगत नेता स्व0 भीमा मंडावी किसी पहचान के मोहताज नहीं। भीमा मंडावी दंतेवाड़ा विधानसभा में भाजपा के एक बड़े ब्रांड थे। उनके नाम से ही पार्टी को एक नई उर्जा व ताकत मिली थी। भाजपा को दंतेवाड़ा में उचांईयों तक पहुंचाने वाले पूर्व विधायक भीमा भले ही आज इस दुनिया में न हो मगर आज भी पार्टी चुनावों में या अन्य अवसरों पर उनका नाम लेकर ही नैया पार लगाती है। मगर दुखद पहलू ये है कि आज उनके नहीं रहने पर उनके गांव गदापाल की सुध कोई नहीं ले रहा। आज प्रदेश में भाजपा की सरकार है मगर भीमा का गांव गदापाल विरान पड़ा हैं और विकास से काफी दूर है।

दंतेवाड़ा से लेकर राजधानी रायपुर तक भाजपा के बड़े नेता, मंत्री सभी को गदापाल गांव का नाम तो अवश्य याद होगा क्योंकि यह वही गांव है जहां से निकलकर भीमा भाजपा के विधायक जैसे संवैधानिक बड़े पद तक पहुंचे थे जिसके बाद से गदापाल का नाम सबके जुबं पर आया था। हालांकि भीमा के विधायक रहते भी इस गांव का कोई खास विकास नहीं हो सका था क्योंकि उन दिनों में नक्सलवाद चरम पर था और गदापाल भी नक्सल प्रभावित गांव था यहां कई नक्सली घटनाएं घट चुकी थी लिहाजा सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं ग्रामीणों तक नहीं पहुंच सकी थी। तब दंतेवाड़ा से गदापाल के लिए पक्की सडके भी नहीं बनी थी। कच्चे मिटटी, मुरूम उबड खाबड़ रास्ते से होकर गांव पहुंचते थे लोग। अभी सड़क तो पक्की बन चुकी है। खैर नक्सलग्रस्त होने के बाद भी उस समय श्री मंडावी हमेशा गदापाल में विकास कार्यो को लेकर आगे खड़े रहते थे। उन्होने कई काम करवाए भी। वहीं 09 अप्रैल 2019 में जब उनकी शहादत हुई उसके बाद से गदापाल के विकास पर ग्रहण सा लग गया। बीच में 5 साल के लिए कांग्रेस की सरकार प्रदेश में आई तब इन 5 सालों में तो कोई भी नेता या विकास कार्य गदापाल में झांकने तक नहीं गया। गांव के सरपंच बातते हैं कि भुपेश सरकार के कार्यकाल में गदापाल में कोई भी विकास कार्य को मंजुरी नहीं मिली। प्रस्ताव देदेकर थक गए मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। कांग्रेस के नेता कहते थे कि ये तो भाजपा विधायक भीमा मंडावी का गांव है हम यहां क्यों पैसे खर्च करें। कांग्रेस सरकार की विदाई हुई अब फिर से भाजपा सत्ता में आई है और उम्मीद है कि बचा हुआ कार्य यहां पर अब पूरा होगा। हाल ही में तरूण छत्तीसगढ़ के जिला संवाददाता ने गदापाल पहुंच वहां के हालात का जायजा लिया तो पाया कि गांव में ज्यादा कुछ बदलाव नहीं हुआ है। गांव के पटेलपारा में दशकों पूर्व बनी सीसी सड़क पूरी तरह से उखड़ चुकी है जिसे दोबारा बनाने के लिए कई बार पंचायत की ओर से इस्टीमेट, बनाकर प्रस्ताव प्रशासन को भेजा गया मगर स्वीकृति आज तक नहीं मिली। इसी तरह गांव में भीमा मंडावी के कार्यकाल में बने शौचालय, सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी, शिक्षक क्वॉटर मेंटनेंस के अभाव में जीर्णर्शीण अवस्था में पहुंच गए हैं। मेंटनेस नहीं होने से बनी बनाई भवनें जमींदोज होने के कगार पर है। जल जीवन मिशन के तहत गांव के घरों में नल तो लग गए हैं मगर उसमें पानी अब तक नहीं आया। गांव के मरकामपारा में जल जीवन मिशन के तहत क्रेडा विभाग द्वारा हैंडपंप से कनेक्ट कर सोलर डयूल पंच लगाया गया है। उंची टंकी बनाकर इसमें पानी चढ़ाने सोलर सिस्टम लगाया गया है मगर पानी इसमें भी नहीं आता। मरकामपारा के पंच बोटी राम ने बताया कि करीब साल भर पहले बने इस टंकी में आज तक पानी नहीं आया। इससे अच्छा तो हैंडपंप ही था जब जरूरत होती थी हम हाथों से टेंडकर पानी निकाल लेते थे। 07 पारों का गांव गदापाल में अब भी सड़कों व पुलियों की बेहद ज्यादा जरूरत है। ग्रामीणों की मांग पर सरपंच ने लिख लिखकर कई बार प्रशासन को पारा मोहल्लों में सीसी सड़क बनाने की गुहार लगाई है मगर कोई सुनने वाला नहीं। गदापाल से सूरनार को जोड़ने ढाई दशक पूर्व पुल 2007 में टूट गया था उसी जगह पर 2008-09 के लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार करने गए कांग्रेसी नेता त्रिनाथ ठाकुर की नक्सलियों ने बर्बातापूर्ण तरीके से हत्या कर दी थी उस टूटे हुए पुल को दुबारा से आज तक नहीं बनाया गया है। आज भी ग्रामीण बारिश में नदी पार नहीं कर पाते। बारिश के बाद जब पानी कम होता है तभी ग्रामीण उस पार सूरनार के लिए जा पाते हैं। स्वास्थ्य व्यवस्था की बात करें तो गांव में उप स्वास्थ्य केंद्र अवश्य है मगर यहां पर कोई भी स्वास्थ्य कर्मी रूकता नहीं है दिन में डयूटी कर कर्मचारी शाम होने से पहले दंतेवाड़ा लौट आते हैं जबकि स्वास्थ्य केंद्र में 24 घंटे वहां पदस्थ रहकर स्वास्थ्य कर्मियों को सेवा देना होता है। बच्चे या गांव का कोई भी व्यक्ति रात के वक्त में बीमार हो जाता है तो उन्हें दंतेवाड़ा अस्पताल लाना पड़ता है तो स्वास्थ्य व्यवस्था भी काफी खराब स्थिति में है। गदापाल का जिस तरह से विकास होना था हो नहीं पाया। केवल साल में एक बार स्व0 भीमा मंडावी के पुण्यतिथि पर नेता वहां जाते हैं उनके समाधि स्थल पर पुष्पगुच्छ चढ़ाते हैं नमन करते हैं, उनके पैतृक घर पहुंचकर भोज खाते हैं और लौट आते हैं। अब तो बस्तर नक्सलमुक्त की ओर अग्रसर है। करीब करीब अब नक्सलियों का खात्मा हो चुका है। अब घटनाएं भी नहीं होती। नक्सली पूरी तरह से साफ हो चुके हैं। गदापाल भी नक्सलमुक्त हो चुका है। अब तो नक्सलवाद का कोई बहाना भी नहीं। बावजूद गदापाल में विकास की रफतार क्यों नहीं तेज हो रही? बस इस सवाल का जवाब मांग रहे हैं भीमा मंडावी के गांव गदापाल के लोग।

## कुछ ही दिन स्कूल खोलकर बच्चों के भविष्य के साथ शिक्षक कर रहे खिलवाड़

**कुंवाकोंडा ब्लॉक का एक ऐसा शासकीय विद्यालय जहा महीना में 4 या 5 दिन ही खुलता है ताला**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**




**बचेली, 5 दिसंबर।** दंतेवाड़ा जिला के कुंवाकोंडा ब्लॉक के ग्रामपंचायत कुट्रेम गट्टा पारा शासकीय विद्यालय के शिक्षक गौरंगों बाघ विद्यालय से हफ्ते भर रहता है गायब

मामले का खुलाशा तब हुआ जब कुछ पत्रकारों की टीम सोमवार को किसी सुचना पर गाँव के विद्यालय तक गयी तो विद्यालय मे ताला लटका हुआ मिला जब ग्रामीणों से शिक्षक और विद्यालय की जानकारी ली गई तो ग्रामीणों ने जानकारी दी की विद्यालय महीना मे 5 से 7 दिन ही खुलता है विद्यालय के रसोई से इसकी जानकारी ली गई तो बतया की गुरूजी बहौत शराब का सेवन करता है और विद्यालय नहीं आता और आने से भी विद्यालय मे भी शराब पी कर पड़ा रहता है इस विद्यालय मे एक ही शिक्षक है जिसके कारण यहाँ के बच्चों का भविष्य अंधेरे में जा रहा है गौरंग बाघ तो शराब मे मस्त रहता है वो बच्चों को क्या शिक्षा देंगे सब से बढ़ा सवाल ये आता है की क्या ऐसे शिक्षक की जानकारी संकुल समन्वय को नहीं है क्या शिक्षा विभाग को इसकी जानकारी नहीं है ग्रामीण छेत्र मे ऐसे कितने विद्यालय होंगे जहा ताला नहीं खुलता या समय से पहले बंद हो जाते है छत्तीसगढ़ मे शिक्षा को गाँव गाँव तक ले जाने के लिए तरह तरह के प्रयास सरकार के द्वारा किये जा रहे है। वहीं कुछ ऐसे सराबी शिक्षक बच्चों के भविष्य के साथ लगातार खिलवाड़ कर रहें है।

### अन्धे कत्ल की गुत्थी दोरनापाल पुलिस ने 24 घण्टे के भीतर सुलझाई

**सुकमा, 5 दिसंबर।** मामले का सक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थिया श्रीमती पुजा मड़कम पति दीपक सिंह पता- वार्ड क्रमांक 12 दोरनापाल जिला सुकमा के पति दीपक सिंह को दिनांक 01.12.2024 के रात्रि करीबन 7-8 बजे के मध्य किसी अज्ञात हमलावर ने जान से मारने की नीयत से लकड़ी के डण्डे से सिर में ताबड़तोड़ वार किया जिससे दीपक सिंह अधमरा हालत मे बेहोश होकर गिर पड़ा आसपास के लोगो से सुचना मिलने के बाद घायल को ईलाज हेतु पुलिस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रार्थिया पुजा मड़कम की रिपोर्ट पर दोरनापाल थाने में अपराध क्रमांक 19/2024 धारा 109, 103 भा.न्या.सं. दर्ज किया गया। दोरनापाल पुलिस द्वारा सीसीटीव्ही फूटेज, गवाहो एवं अन्य तकनीकी साधन से आरोपी का 24 घण्टे के अंदर पता लगा लिया। आरोपी को कड़ाई से पुछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया जो बताया कि

### धान खरीदी केंद्र चिंतागुफा पहुँचे विधायक कवासी लखमा



**सुकमा,5 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** धान ख़रीदी केंद्र में ख़रीदी शुरू नहीं होने से विधायक कवासी लखमा ने जताई नाराज़गीधान ख़रीदी केंद्र में नहीं मिला कोई भी कर्मचारी सिर्फ़ चौकीदार से हूई मुलाक़ात कांग्रेस पार्टी के धान ख़रीदी केंद्र चलो अभियान के तहत पहुँचे हैं कवासी लखमा ।

### बैंकों से सहयोग से साइबर क्राइम पर रोक लगाएंगे :आईजी

**दुर्ग,5 दिसंबर।** दुर्ग रेंज आईजी रामगोपाल गर्ग ने कहा कि बैंकों के साथ मिलकर बढ़ते साइबर अपराध पर पुलिस द्वारा अंकुश लगाया जाएगा। इसके लिए लोगों की जागरुकता भी बेहद जरूरी है। लोग लालच से बचें और डरें नहीं, अपने साथ किसी भी तरह का साइबर फ्राड होने पर तत्काल



नजदीक पुलिस थाने या फिर साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर पर सूचना दें दुर्ग आईजी रामगोपाल गर्ग ने यह जानकारी आज भिलाई टाउनशिप के सेक्टर -1 स्थित भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय में साइबर फ्राड रोकने आयोजित जन जागरुकता कार्यक्रम में कही। इस कार्यक्रम का आयोजन भारतीय स्टेट बैंक द्वारा किया गया। जिसमें बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक एमएम परीडा एवं एडिशनल एसपी सुखनंदन राठौर विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बैंक के ग्राहकों को साइबर फ्राड से बचने का संदेश दिया गया। साथ ही बताया कि आनलाइन जाब, क्रेडिट और डेबिट कार्ड की डिटेल प्राप्त कर भी साइबर ठग खातों से रुपये उड़ा रहे है आईजी ने लोगों से अपील की कि लोग झूठे प्रलोभन से बचें। यदि इसके बावजूद साइबर क्राइम के शिकार होते हैं तो तुरंत साइबर क्राइम हेल्प लाईन नंबर पर काल करें। साथ ही बताया की साइबर धोखाधड़ी के मामलों में अपनी शिकायत नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर भी दर्ज करवा सकते हैं। लोगों को जागरूक किया गया कि आपके मोबाइल पर आए ओटीपी या एटीएम पिन को किसी के साथ शेयर न करें, फर्जी जॉब के ऑफर्स से भी सावधान रहें, असत्यापित लिंक पर क्लिक न करें, इंटरनेट मीडिया पर अज्ञात लोगों से फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें, अपनी व्यक्तिगत जानकारी ऑनलाइन साझा करते समय सावधानी बरतें, किसी भी झांसा या प्रलोभन देने वाले हाईपर लिंक, वेबलिक्स या यूआरएल को न खोलें, क्योंकि ये आपकी निजी व वित्तीय जानकारियों को लीक कर सकते है दुर्ग रेंज आईजी रामगोपाल गर्ग ने बताया कि लोगों को साइबर ठगी से बचाने के लिए पुलिस लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। लोगों की जागरूकता से ही साइबर ठगों को मात दी जा सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस कभी भी ऑनलाइन अरेस्ट नहीं करती, इसलिए फोन कॉल पर मिलने वाली इस तरह की धमकी को नजरंदाज कर नजदीकी थाने में शिकायत करें भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक एमएम परीडा ने बताया कि बैंक द्वारा साइबर फ्राड रोकने लगातार दो महीने तक अलग-अलग शहर और कस्बों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि किसी तरह के लालच में न आएं और न ही डरें। किसी भी तरह के साइबर फ्राड होने का पता चलते ही पुलिस और बैंक को सूचना दें।

## चुनाव अधिकारी बैदु राम ने कार्यशाला में भाजपा संगठन चुनाव पर चर्चा की,तैयारी की जानकारी ली

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**




**दंतेवाड़ा 5 दिसंबर। भारतीय** जनता पार्टी जिला कार्यालय चितालंका दंतेवाड़ा में संगठन चुनाव हेतु कार्यशाला आयोजित किया गया जिसमे जिला संगठन चुनाव अधिकारी बैदू राम कश्यप ने कार्यशाला में आगामी संगठन चुनाव के संबंध में चर्चा कर विस्तृत जानकरी दी एवं तैयारियों की जानकारी लेते हुए समीक्षा किया । कार्यक्रम की शुरुवात भारत माता,पंडित दीनदयाल उपाध्याय,श्यामा प्रसाद मुख़र्जी,अटल बिहारी वाजपेयी जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्र'वलित कर किया गया । पूर्व विधायक बैदु राम कश्यप ने कहा की तय समय पर संगठन द्वारा मंडल अध्यक्षों व जिला अध्यक्ष का चुनाव किया जायेगा सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता बुथ समिति का गठन एवं अन्य कार्यक्रमों के तैयारी को पूर्ण करे । भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी ने भी संगठन चुनाव हेतु रुपरेखा तैयार कर संगठन को और सशक्त कैसे बनाया जाये एवं आगामी नगरीय निकाय व त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के संबंध में विचार विमर्श किया । विधायक चैतराम अटामी ने आगामी नगरीय निकाय व त्रि स्तरीय चुनाव हेतु कार्यकर्ताओ को एकजुट होकर अभी से बूथ स्तर तक पहुंच कर जुट जाने हेतु अनुरोध किया । जिला महामंत्री संतोष गुप्ता ने बताया की 27× बूथों मै 2×5 बूथों का गठन हो चूका है और दिसंबर तक 100त्त बूथों का गठन करने का लक्ष्य है । कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संतोष गुप्ता ने किया एवं आभार व्यक्त जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा ने किया । इस कार्यशाला में जिला महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप,पूर्व जिला अध्यक्ष नविन विश्वकर्मा,वरिष्ठ भाजपा नेता रामबाबू सिंह गौतम,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमला विनय नाग,पूर्व जिला महामंत्री पिंटू राम उइके,जिला उपाध्यक्ष सत्यजीत चौहान समेत समस्त भाजपा पदाघिकारी व

## जिले में नशीले पदार्थ एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए अभियान जारी

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**गरियाबंद, 5 दिसंबर।** जिले में नशीली पदार्थो एवं सड़क सुरक्षा सप्ताह को लेकर प्रभावी नियंत्रण के लिए आज कलेक्टर सभाकक्ष में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर दीपक अग्रवाल पुलिस अधीक्षक निखिल रखेचा ने जिले में नशीली पदार्थो के प्रभावी नियंत्रण के लिए विभिन्न विभागों और एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित कर रोकथाम की कार्यवाही के निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि जिले में सक्रियता के साथ नशीली दवाईयों के रोकथाम किया जाए। साथ ही चेकपोस्ट, बैरियरों के द्वारा सघन निगरानी कर संदिग्ध वाहनों की भी जांच किया जाये। इस अवसर पर नशीली पदार्थों के रोकथाम के अवसर की बैठक में जिला के प्रभारी सचिव श्री गुप्ता ने कहा कि



जिले में नशीली पदार्थो के रोकथाम के लिए व्यापक अभियान चलाएं जाए। साथ ही सीमावर्ती जिलों के अधिकारियों के साथ बैठक कर सीमापार नशीली दवाइयों पर भी निगरानी रख कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा किअंतर्राज्यीय बस ट्रांसपोर्ट एवं वाहनों की आवाजाही पर कड़ी नजर रखी जाए। लक्जरी वाहनों में नशीली दवाईयों की सप्लाई की भी संभावना रहती है। ऐसे सभी संदिग्ध वाहनों की बैरियर में निगरानी रखकर रेण्डम चेकिंग की जाए। प्रभारी सचिव ने नशीली पदार्थो के बारे में जागरूकता लाने एवं लोगों को इसके दुरूपयोग से दूर रहने के लिए आवश्यक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि जिले में नशा के खिलाफ लोगों को जागरूक करने विभागों के समन्वय से नशामुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इसमें स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थी सहित स्वयं सेवी संस्थाओं को भी शामिल किया जा रहा है।बैठक में पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने बताया कि जिले में नशीली पदार्थ रोकथाम के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। वहीं सड़क सुरक्षा को लेकर उन्होंने कहा कि जो टर्निंग पॉइंट है जहां पर दुर्घटनाओं की अधिक संभावनाएं हैं वहां पर पोस्टर बैनर और पंपलेट लगाकर लोगों को सावधान किया जा रहा है शराब पीकर वाहन चलाना चलाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। छोटे-छोटे बच्चे जो मोटरसाइकिल चलाते हैं उनके पलकों को बुलाकर समझाइए दिया जा रहा है और न मानने पर जुर्माना किया जा रहा है वहीं लगातार तीन सेवा तीन सवारी पर भी कार्रवाई जारी है प्रयास किया जा रहा है कि विभिन्न तरह से होने वाले दुर्घटनाओं पर अंकुश लगे और लोगों को राहत मिले जिससे कोई अपने परिवार से बिछड़ ना जाए इस विषय को लेकर पुलिस विभाग एकदम सतर्क और सावधान है ।

### विधायक सावित्री मंडावी ने धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण

नारायणपुर, 5 दिसंबर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के दिशा निर्देश पर धान खरीदी केंद्र चलो अभियान के तहत आज जिला मुख्यालय मे भानुप्रातपुर की विधायक सावित्री मंडावी, एवं पूर्व विधायक नारायणपुर चन्दन कश्यप एवं कांग्रेस पदाधिकारीयों के साथ विधायकगण धान खरीदी केंद्र पहुंच कर किसानो से रूबरु हुए और धान केंद्र का निरिक्षण किया इस दौरान धान खरीदी केंद्र गोहड़ा चौक, गड़बेंगाल, गारंजी मे 40.600 किलो से अधिक 41.150 तक लिया जा रहा था जिसे विधायक सावित्री मंडावी ने नाराजगी व्यक्त की! वही मिलर्स द्वारा भेजे गए बारदाने भी ख़राब और फटा हुआ सप्लाई किया जा ररहा है, धान का कीमत मोटा 2300 रूपए दर तय है और पतला 2320 रुपय दर तय है फिर भी धान खरीदी केंद्र प्रभारी पतला का दर 2300 रूपए मे धान खरीद रहे है! भानु प्रतापुर विधायक सावत्री मंडावी ने किसानो का हालचाल इस पर किसानो की मांग रही की एक ही इलेक्ट्रीक तराजू होने से समय बहुत लग रहा है सुबह से रात हो जाता है माप कराने मे निरिक्षण के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि देवांगन, जिला पंचायत अध्यक्ष श्यामबत्ती नेताम, प्रदेश कांग्रेस सचिव देवनाथ उसेंडी, नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता मांझी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रघु मानिकपुरी, जिला कांग्रेस सचिव शेख तौहीद अहमद, आदि थे।

## एक नजर

### वित्त मंत्री चौधरी ने अग्निवीर भर्ती रैली का फीता काटकर किया शुभारंभ



**रायगढ़, 5 दिसम्बर।** वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने आज अग्निवीर भर्ती रैली का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने अभ्यर्थियों से मुलाकात कर शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल, एसपी श्री दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव उपस्थित रहे। वित्तमंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि सेना ने अग्निवीर भर्ती रैली के लिए रायगढ़ को चुना। प्रदेश के युवा जो लिखित परीक्षा पास किए है, वो फिजिकल टेस्ट देने रायगढ़ आ रहे है। मैं शुभकामनाएं देता हूं कि अधिक से अधिक अभ्यर्थी इस परीक्षा में चयनित हों। पूर्व में भी कैंपेन चलाकर आर्मी कल्चर को डेवलप किए थे और रायगढ़ में भी यह कार्य मजबूती के साथ किया जा रहा है। इससे युवाओं को अग्निवीर बनने और देश सेवा करने के साथ अपने लाइफ में अनुशासन लाने का मौका मिलेगा। युवा अपने पैर में खड़े होंगे और सेना के साथ अनुशासित देशभक्त नागरिक के रूप में समाज में अपनी बड़ी भूमिका निभाएंगे । ब्रिगेडियर श्री प्रताप सिंह राणावत ने कहा कि यह खुशी का मौका है कि आज वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने अग्निवीर भर्ती रैली का शुभारंभ किया। यह रैली सुचारु रूप से संचालित की जाएगी। युवा पूरे जोश के साथ रैली में आए है, उन्होंने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अधिक से अधिक युवा चयन होकर अग्निवीर बने और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करें ।

### मेसर्स जिंदल स्टील एड पावर यूनिट-3 में जांच के बाद की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई



**रायगढ़, 5 दिसम्बर।** मेसर्स जिंदल स्टील एण्ड पावर लिमिटेड यूनिट-3, खरसिया रोड, रायगढ़ में बीते दिनों दुर्घटना ग्रस्त होकर दो व्यक्ति के मृत्यु के संबंध में औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा प्लांट की जांच की गई। जिसमें मजदूरों की सुरक्षा को लेकर इंतेजाम में गंभीर खामियां पाए जाने पर श्रमिकों के सुरक्षा को ध्यान रखते हुए लाईम एंड डोलो प्लांट में स्थापित समस्त बैग फिल्टर चेम्बर के हापर के इन्स्पेक्शन डोर को खोलकर जांच के कार्य में श्रमिकों के नियोजन को प्रतिबंधित किया गया है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने उद्योगों में श्रमिकों की सुरक्षा में लापरवाही पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

इस संबंध में जानकारी देते हुए श्री मनीष श्रीवास्तव उप संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा ने बताया कि लाईम एंड डोलो प्लांट में स्थापित समस्त बैग फिल्टर चेम्बर के हापर के इन्स्पेक्शन डोर को खोलकर जांच के कार्य में श्रमिकों के नियोजन को प्रतिबंधित किया गया है। यह प्रतिबंध तब तक जारी रहेगा जब तक कि इस कार्य के लिये एक सुरक्षित स्टैण्डर्ड आपरेटिंग प्रोसिजर निर्धारित नहीं कर लिया जाता है। बैग फिल्टर चेम्बर पर कार्य करने वाले सभी श्रमिकों को कार्यस्थल पर उपस्थित रहने वाले संभावित खतरों तथा स्टैण्डर्ड आपरेटिंग प्रोसिजर की जानकारी एवं आवश्यक प्रशिक्षण भलीभांति प्रदान करना सुनिश्चित नहीं कर लिया जाता है। बैग फिल्टर के हापर के अंदर प्रेसर व टेम्प्रेचर मेजरमेंट एवं हापर के अंदर संभावित ज्वलनशील गैस या अन्य ज्वलनशील सबस्टेंस की उपस्थिति की जांच के लिये बैग फिल्टर हापर में आवश्यक इन्स्ट्रमेंट लगाया जाकर प्रापर मानिटरिंग की व्यवस्था सुनिश्चित नहीं कर ली जाती है।

बैग फिल्टर हापर के इन्स्पेक्शन डोर खोलने के कार्य में नियोजित श्रमिकों द्वारा एल्यूमिनाईज्ड प्रोक्सीमिटी सूट का प्रयोग किया जाना सुनिश्चित नहीं कर लिया जाता है।

बैग फिल्टर के अंदर किसी भी स्थिति में हॉट डस्ट का एक्यूमूलेशन न हो इस हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित नहीं कर ली जाती है तथा इस बाबत् एक रिपोर्ट कारखाना निरीक्षक के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर दी जाती है।

# जिले में अब तक 367 करोड 40 लाख के 1 लाख 14 हजार 813 मीट्रिक टन की हुई धान खरीदी



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 5 दिसंबर।** 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी अभियान में अब तक 1 लाख 14 हजार 813 मीट्रिक टन धान खरीदी हो चुकी है। जिले में अब तक 23 हजार 785 किसानों ने 367 करोड़ 40 लाख रुपए का धान बेच चुके है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगा। कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में धान खरीदी सुचारू रूप से जारी है। सभी समितियों में धान खरीदी के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किये गये है। जिससे पंजीकृत किसान सुविधाजनक रूप से अपना धान उपार्जन केन्द्रों में बेच रहे है।खाद्य विभाग के अधिकारी सुधीर गुरु ने बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए गरियाबंद जिले में 90 हजार 970 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 4662 नये किसान शामिल है। इस वर्ष 90 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 5 लाख 36 हजार 768 मेट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के धान खरीदी की चाक-चौबंद व्यवस्था की गयी हैं। जिले में अवैध धान बिक्री, खरीदी एवं परिवहन के प्रकरणों में धान जप्ती की कार्यवाही भी लगातार की गई है। किसी भी स्तर की गड़बड़ी रोकने के लिए एवं जिले में सतत् निगरानी हेतु नियंत्रण कक्ष कलेक्टोरेट में बनाया गया है, साथ ही नोडल अधिकारी भी क्षेत्रों का दौरा कर धान खरीदी की व्यवस्थाओं का निरंतर जायजा ले रहे है।

### मैनपुर ब्लाक में 4 नये स्कूल भवनों की मिली मंजूरी

**गरियाबंद, 5 दिसंबर।** राज्य शासन द्वारा शिक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए विभिन्न सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। शिक्षा विभाग के अंतर्गत बच्चों की पढ़ाई सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिए भी विभिन्न कार्य किये जा रहे है। इसी के तहत राज्य शासन द्वारा गरियाबंद जिले में 4 नये स्कूल भवनों की स्वीकृति दी गई है। इसके अंतर्गत दो मीडिल एवं दो प्राइमरी स्कूल के नवीन भवन स्वीकृत किये गये है। नवीन भवन मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत स्वीकृत किये गये है। इसके तहत पूर्व माध्यमिक शाला मैनपुर एवं मोंगराडीह तथा प्राथमिक शाला चचरापारा एवं मोंगराडीह में नये भवन का निर्माण किया जायेगा। वनांचल क्षेत्र में नये स्कूल भवन की स्वीकृति मिलने से स्कूली बच्चों को काफी सहुलियत होगी। साथ ही पढ़ाई की सुविधाओं में विस्तार भी होगा। नये भवन बनने से पुराने एवं जर्जर भवन से मुक्ति मिलेगी, जिससे बच्चे असानी से अपने स्कूली पढ़ाई को पूर्ण कर पायेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत ने बताया कि प्रत्येक भवन के लिए 11 लाख 48 हजार रूपये की दर से राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने बताया कि शासन की ओर से नये स्वीकृत भवन निर्माण कार्य की प्रक्रिया को जल्द प्रारंभ कर समय अवधि में निर्माण को पूर्ण कराया जायेगा। जिससे क्षेत्र के बच्चों को पढ़ाई करने में आसानी होगी।

## मुख्यमंत्री ने सौंपी खुशियों की चाबी



**रायगढ़, 5 दिसम्बर।** खुद के पक्के मकानों का सपना संजोए लोगों की आस अब तेजी से पूरी हो रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पीएम आवास के कार्यों को न सिर्फ तेजी से स्वीकृति मिल रही है बल्कि आवासों का निर्माण भी उसी गति से पूरा किया जा रहा है। ताकि हितग्राहियों को उनका पक्का आशियाना जल्द मिल सके।मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने रायगढ़ प्रवास के दौरान जिले में वर्ष 2024-25 के तहत 4 माह पहले स्वीकृत आवासों की पूर्णता पर हितग्राहियों को बधाई दी और उन्हें आवास पूर्णता प्रमाण पत्र और घरों को चाबी सौंपी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारा प्रयास है कि सभी स्वीकृत आवासों के निर्माण शीघ्र पूरे हों और हितग्राही जल्द अपने आवासों में गृह प्रवेश करें। इस दौरान हितग्राहियों ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के संवेदनशील प्रयासों से हमारे आवास निर्माण का सपना पूरा हो सका है। इनमें पुसौर की 65 वर्षीय राधिका बाई भी शामिल थी। उन्होंने कहा कि पूरा जीवन कच्चे मकान में निकल गया। इस बुढ़ापे में यह खयाल आता था कि खुद के पक्के मकान का सपना सपना ही न रह जाए।

### स्मार्ट मीटर लगने से मीटर रीडरों के समक्ष बेरोजगारी की संकट

**महासमुंद।** विद्युत विभाग द्वारा वर्तमान में स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है। इसके चलते मीटर रीडिंग कार्य में लगे कर्मचारियों के समक्ष बेरोजगारी की संकट उत्पन्न हो गई है। मीटर रीडर संघ के रमेश कुमार चंद्राकर मालीडीह, पोषण यादव मोहकम, नारायण यादव तुमगांव, देवेंद्र कुमार निर्मलकर तुमगांव आदि ने उक्त समस्या को लेकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा राकेश चंद्राकर को समस्या से अवगत कराते हुए रीडरों पर मंडरा रहे बेरोजगारी की संकट का समाधान करने की मांग की है। तथा मुख्यमंत्री के नाम उन्हें एक आवेदन भी सौंपा है जिसमें, मीटर रीडरों को बिजली विभाग में समकक्ष अन्य कार्य प्रदान करने की मांग की गई है।रीडरों ने कहा स्मार्ट मीटर लगने से छत्तीसगढ़ के 7000 मीटर रीडर बेरोजगार होने के कगार पर हैं। समस्त मीटर रीडर जो 20 वर्षों से भी अधिक समय तक विद्युत विभाग को राजस्व देने का काम किया। अब उनके सामने ही रोजी-रोटी का संकट मंडरा रहा है। उनका परिवार पूरी तरह उन्हीं पर आश्रित है। उन्हें अब अपने परिवार का पालन पोषण करने की चिंता सताने लगी है। रीडरों ने बताया कि छत्तीसगढ़ मीटर रीडर संघ द्वारा शासन-प्रशासन को पत्राचार के माध्यम से कई बार अवगत कराया गया है। लेकिन आज पर्यन्त तक ठोस फैसला नहीं लिया गया। रीडरों ने बताया कि उन्हें इससे पूर्व भारत सरकार के उर्जा मंत्रालय में संघ द्वारा सूचना का अधिकार लगाया गया था।

## आभार जताने पहुंची सरस्वती यादव को सीएम ने रिमोट देकर कहा आज आप ही प्रदेश की सभी महिलाओं को महतारी वंदन योजना की राशि जारी करें



रायगढ़, 5 दिसम्बर। रायगढ़ की सरस्वती यादव के लिए 3 दिसंबर का दिन खास हो गया। दरअसल रायगढ़ में मुख्यमंत्री श्री साय विकास कार्यों के लोकार्पण और महतारी वंदन योजना की दसवीं किश्त जारी करने पहुंचे थे। इस दौरान महतारी वंदन योजना के हितग्राही महिलाएं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार जताने पहुंची। रायगढ़ की सरस्वती यादव भी महिलाओं के इस समूह में शामिल थी। मंच में पुष्पगुच्छ देकर जब उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण की इस योजना के लिए मुख्यमंत्री श्री साय को धन्यवाद दिया। तो मुख्यमंत्री श्री साय ने सरस्वती को रिमोट थमाते हुए कहा कि आज आप ही महतारी वंदन योजना की राशि जारी करें। सरस्वती को सहसा विश्वास नहीं हुआ तो मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज आपके हाथों प्रदेश के 70 लाख माताओं बहनों के खाते में योजना की दसवीं किश्त के रूप 652 करोड़ जारी होंगे। सरस्वती बताती हैं जब राशि जारी कर मंच से नीचे उतर रही थी तो पता चला यह पहली बार हुआ है जब किसी योजना के हितग्राही से ही मुख्यमंत्री ने राशि जारी करवाई है। यह जानकर खुशी और बढ़ गई। खुशियों का जो नोटिफिकेशन हर माह मुझे मिलता है, आज बटन दबा कर प्रदेश की 70 लाख माताओं बहनों को खुशियों का यह नोटिफिकेशन भेजने का मौका मुझे मिला है। यह मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सहजता है जो उन्होंने योजना की एक हितग्राही को इतना बड़ा अवसर दिया। यह पल ताउम्र नहीं भूल सकती। यह मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन, उनकी सहजता की झलक थी। जो उन्होंने पहली बार एक हितग्राही से ही पूरे प्रदेश की महिलाओं के खाते में महतारी वंदन योजना की राशि जारी करवाई। उल्लेखनीय है कि महतारी वंदन योजना की दस किश्तों में महिलाओं को 6530 करोड़ रूपये अंतरित किए जा चुके हैं।

## आदिवासियों की हत्या पर लगे रोक : प्रकाश ठाकुर

**बीजापुर, 5 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस और नक्सलियों के चलते आदिवासियों के दैनिक जीवन शैली पर विपरीत असर पड़ रहा है। जहां एक ओर नक्सल उन्मूलन के नाम पर बेगुनाह आदिवासियों को फर्जी इनकाउंटर मारा जा रहा और जेलों में भेजा जा रहा है वहीं बस्तर संभाग में करीब ढाई दशक से अंचल में शोषण और उत्पीड़न के खिलाफ खड़े होने का दावा करने वाले माओवादियों के चलते आदिवासियों के जीवन शैली पर असर पड़ रहा है। जिसकी सर्व आदिवासी समाज निंदा करता है।सर्व आदिवासी समाज के संभागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने प्रेस नोट जारी कर कहा कि माओवादी संगठन द्वारा दीगर राजनीतिक संगठन के कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जाना आदिवासी समाज के द्वंदात्मक बौद्धिक, राजनीतिक विकास में बाधा डालने जैसा कृत्य है। लगातार हो रही हत्याओं से आदिवासी समाज क्षुब्द है और ऐसी घटनाओं की निंदा करता है।प्रकाश ठाकुर ने कहा कि आदिवासियों की हत्या से कोई क्रांति कैसे आ सकती है? मुखबिरी के नाम पर, गरीबों के शोषण और अत्याचार में शामिल होने का आरोप लगा कर आदिवासियों की हत्या की जा रही है। अब किसी राजनीतिक संगठन से जुड़े होने का आरोप लगा कर आदिवासियों के खात्मे के दिशा में नक्सलियों की साजिश सामने आ रही है।



## लखपति बनने की सफर पर निकली बीजापुर की महिलाएं



**बीजापुर, 5 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन अंतर्गत स्व सहायता समूह की 25 संभावित लखपति दीदी और 7 पशु सखियों को मुर्गी पालन प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास के तीन दिवसीय प्रशिक्षण लेने जिला पंचायत कार्यालय के बस के माध्यम से रवाना हुई। इन महिलाओं का प्रशिक्षण पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय अंजोरा, दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनू विश्वविद्यालय, अंजोरा, दुर्ग (छ.ग.) में सम्पन्न किया जावेगा। जिसमें मुर्गी पालन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी, पालन की संभावनायें, सामान्य प्रबंधन, भोजन का प्रबंधन, बकरियों में आकस्मिक प्राथमिक उपचार, मुर्गियों को होने वाली महत्वपूर्ण बीमारियां, उनका टीकाकरण एवं रोकथाम, की बारीकी से अध्ययन करेंगे। महाविद्यालय में भारत सरकार द्वारा मुर्गी पालन व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिये चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाये जैसे एनआरएलएम एवं नाबार्ड पोषित योजनाएं में आवेदन प्रक्रिया, बैंक लोन की प्रक्रिया, मुर्गी पालन में संभावनायें के बारे में विभिन्न विषय विशेषज्ञों के द्धारा प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया जाने के साथ विभिन्न फार्म का भ्रमण कराया जावेगा। इस प्रशिक्षण में बीजापुर कुल 32 महिलाएं भाग ले रही है। सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने सभी महिलाओं को प्रशिक्षण के लिए रवाना करते हुए मन लगाकर प्रशिक्षण में भाग लेने और शासन की योजनाओं से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनने के लिए प्रोत्साहित किया।

### विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने अपनी समस्या एवं मांगों से कराया अवगत

**बीजापुर, 5 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के अध्यक्षता में जिले के विभिन्न कर्मचारी संगठनों जिसमें शिक्षक संवर्ग, लिपिकीय वर्ग, वन विभाग के कर्मचारी संगठन, अधिकारी-कर्मचारी संगठन, पटवारी संघ सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारीगण की बैठक जिला कार्यालय के इन्द्रावती सभाकक्ष में आयोजित हुआ जिसमें डीएफओ श्री रंगानाथा रामाकृष्णा वाय, सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार सहित जिले के समस्त विभागों के जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।बैठक आहूत करने पर सभी संगठनों ने कलेक्टर श्री संबित मिश्रा का आभार व्यक्त किया एवं कर्मचारियों के हितों से जुड़े पदोन्नति, वेतन विसंगति, परीविक्षा अवधि समाप्ति के बाद स्थायीकरण, निर्वाचन के दौरान ड्यूटी संबंधी परामर्श एवं समस्या, कर्मचारियों की समस्या एवं मांगो से अवगत कराया। कलेक्टर ने सभी संगठनों के मांगो और सुझावों को सुना और नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।


### एसबीएम के कार्यों में लापरवाही -10 पंचायत सचिवों को नोटिस जारी



**बीजापुर, 5 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** सोमवार को जिला पंचायत के सभागार में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा की। बैठक में जिला सीईओ ने शासन की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत स्वीकृत व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक शौचालय, सामुदायिक सोकपीट निर्माण कार्य में देरी करने वाले 10 ग्राम पंचायत के सचिवों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। संबंधित निर्माण कार्यों के लिए ग्राम पंचायत कार्य एजेंसी है।ग्राम पंचायत केतुलनार, कोण्ड्रोजी, सण्ड्रापल्ली, बारेगुड़ा,दम्पाया, गुलापेंटा ,मिनकापल्ली,कोत्तापल्ली, पेगड़ापल्ली, तमलापल्ली में राशि जारी होने के उपरांत भी हितग्राही मूलक कार्यों को समय सीमा में पूर्ण नहीं किया गया है। जिला सीईओ ने नोटिस में 3 दिवस के भीतर तथ्यात्मक कारण सहित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने एवं निर्माण कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने निर्देश दिए हैं।

### अंदरूनी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं एवं अधोसंरचना के लिए निर्देश जारी

**बीजापुर, 5 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले में संचालित विकास कार्यो की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बीजापुर में नियद नेल्लानार अभियान के तहत अंदरूनी क्षेत्रों में परिवार के सर्वे सहित



स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास, स्कूल, अस्पताल, आंगनबाड़ी, पीडीएस दुकानो के निर्माण सहित बिजली, पानी, राशन, सड़क, पुल-पुलिया की निर्माण एवं अद्योसंरचना हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं ग्रामीणों को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक, जाति, निवास सहित सभी प्रकार के आवश्यक दस्तावेज शिविर के माध्यम से मिशन मोड में बनाने के लिए निर्देश दिए ताकि केन्द्र एवं राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ ग्रामीण उठा सके और शासन के योजनाओं से लाभान्वित हो सके।प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पूर्व में अपूर्ण आवासो की मानिटरिंग कर हितग्राहियों से वस्तुस्थिति की जानकारी लेकर अपूर्ण आवासों को पूर्ण कराने के लिए सभी अनुविभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत समस्त धान उपार्जन केन्द्रों में सतत मॉनिटरिंग करने, किसानों को धान बेचने में कोई दिक्कत न हो इसका विशेष ध्यान रखें, सभी उपार्जन केन्द्रों में बुनियादि सुविधाएं दुरूस्त रखने को कहा।आधार कार्ड, विशेष शिविर के माध्यम से पोस्ट आफिस के सभी शाखाओं द्वारा बनाया जा रहा है जिसमें शून्य से 05 वर्ष के बच्चों का आंगनबाड़ी केन्द्रों में डाक विभाग और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के समन्वय से बनाया जा रहा है ।

## गांव,गरीब,मजदूर किसानों को समर्पित रहा विष्णुदेव सरकार का 1 वर्ष का कार्यकाल:रामू रोहरा




महासमुन्द 7 3 दिसम्बर को जिला भाजपा कार्यालय में संगठन पर्व को लेकर महत्वपूर्ण कार्यशाला, प्रदेश महामंत्री रामु रोहरा जी की उपस्थिति और मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई । कार्यशाला के पूर्व रामू रोहरा जी के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया , विधायक द्वय योगेश्वर राजू सिन्हा,संपत अग्रवाल कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय शर्मा,पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर,चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा,जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर पूर्व विधायक परेश बागबाहरा ,प्रीतम दीवान, विधानसभा संयोजक चन्द्रहास चंद्राकर,नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर सहित मंचस्थ अतिथियो ने भारत माता,पंडित दीनदयाल उपाध्याय ,डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया 7 कार्यशाला की प्रस्तावना रखते हुए कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि आज प्रदेश की नवगठित भाजपा सरकार के कार्यकाल का 1 वर्ष पूर्ण हो रहा है और इस कार्यकाल में विष्णुदेव साय जी के सरकार में की गई जनहित के कार्यो के कारण भाजपा को जिले में सदस्ता अभियान, संगठन पर्व चुनाव में जनता का भरपूर सहयोग और समर्थन मिला है 7 कार्यशाला के मुख्यवक्ता प्रदेश महामंत्री रामु रोहरा ने विष्णुदेव साय जी सरकार के 1 वर्ष के ऐतहासिक कार्यकाल की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी गारंटी पर छत्तीसगढ़ की जनता के भरपूर जंनसमर्थन से बनी विष्णुदेव साय जी के सरकार ने 1 वर्ष के अल्प कार्यकाल में ही प्रदेश के किसानों,मातृ शक्ति महिलाओ सहित सर्ववर्ग के विकास के लिए अपने वायदों के अनुरूप कार्य किया है । भाजपा की सरकार गांव गरीब मजदूर किसानों के हित में समर्पित रही है । रामु रोहरा ने भाजपा महासमुंन्द जिला के सभी 18 मंडलों में संगठन पर्व के तहत किये गए गये सदस्यता अभियान ,सक्रिय सदस्यता और संगठन चुनाव के तहत बूथ समितियों के चुनाव की मंडलवार विस्तृत समीक्षा कर जानकारी लेते हुए सभी मण्डल अध्यक्षो से चर्चा पश्चात कहा कि महासमुन्द जिला हमेशा से संगठन के कार्यो में अग्रणी रहा है वर्तमान में भी जिला अपने दायित्वों के प्रति सजग और अग्रणी रहा है । पूरे प्रदेश में सदस्यता की दृष्टिकोण से जिला 3 रे स्थान पर है यहा के सभी ऊर्जावान और समर्पित कार्यकर्ता बधाई के पात्र है । प्रदेश महामंत्री रामु रोहरा ने आगामी मण्डल चुनाव की सभी प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि जिम्मेदारिया बदलेगी जरूर पर एकजुटता से सभी को आगे भी सत्ता और सन्गठन में सामंजस्य बनाकर काम करना हम सबका दायित्व है । प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रदेश की 1 वर्ष की भाजपा सरकार के उपलब्धियों के साथ सरकार की योजना से लाभान्वित हितग्राहीयो को साथ लेकर बूथों में भी कार्यक्रम होना चाहिए । बूथ भाजपा संगठन की सबसे महत्वपूर्ण और शसक्त इकाई है । कार्यशाला का संचालन महासमुंद मण्डल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली और आभार जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र त्रिपाठी ने किया । कार्यशाला में प्रमुख रूप से विधानसभा संयोजक प्रेमशंकर पटेल, जिला चुनाव सह प्रभारी एतराम साहू, भाजपा नेत्री अलका चंद्राकर, छत्तरसिह नायक सहित भाजपा जिला कार्यसमिति के सभी सदस्य,मोर्चा प्रकोष्ठ के जिला पदाधिकारी ,मंडलों के अध्यक्ष महामंत्री सहित अपेक्षित जनप्रतिनिधि और प्रमुख भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

### दिव्यांग दिवस पर यूएम कॉलेज में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया

रायगढ़, 5 दिसम्बर। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष श्री जितेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में उत्तम मेमोरियल कॉलेज एवं नई उम्मीद (घरौंदा) में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।इस अवसर पर चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश श्री विरेन्द्र ने बच्चों को समझाते हुए कहा कि स्मार्ट फोन और इंटरनेट के द्वारा साइबर क्राइम दुनियाभर में व्याप्त है साइबर अपराध और सुरक्षा के बारे में जानना बेहद जरूरी है सभी छात्रों को इस अपराध के विषय में जानकारी होनी चाहिए साथ ही बच्चों को यह भी जानकारी दी गई कि मोबाईल फोन के अत्यधिक इस्तेमाल से शारीरिक, मानसिक और कभी-कभी आर्थिक नुकसान भी हो सकता है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री देवेन्द्र साहू ने शिक्षा की अनिवार्यता के विषय में बताते हुए कहा कि शिक्षा एक प्रक्रिया है जहाँ ज्ञान, कौशल और आदतें एक पीढ़ी से दूसरे पीढ़ी तक जाती है। शिक्षा मनुष्य के विकास के लिए आवश्यक है शिक्षा व्यक्ति के जीवन को बेहतर बनाता है, आगे टोन्ही प्रताड़ना अधिनियम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि किसी व्यक्ति को टोन्ही उच्चारित कर उसे प्रताड़ित करना और उसके मानसिक, शारीरिक, व ख्याति को नुकसान पहुंचाना यह सभी अपराध की श्रेणी में रखा गया है। श्री सौरभ बारा तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 के द्वारा बताया गया कि समाज और विकास के हर स्तर पर दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देने और राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन के सभी पहलुओं में दिव्यांग व्यक्तियों की स्थिति के बारे में जागरूकता होनी चाहिये। उन्होनें यह भी बताया कि आज समाज में दिव्यांग व्यक्तियों से लोग दूर भागते हैं ।

# आईएसबीएम विवि ने रैली निकालकर किया एड्स के प्रति जागरूक




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 5 दिसम्बर।** आईएसबीएम यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ़ हेल्थ एंड एलाइड साइंसेस, फार्मेसी विभाग के द्वारा विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आईएसबीएम विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ बी पी भोल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक राजेन्द्र कुमार साहू ने समस्त अध्यापकों एवं विद्यार्थियों के साथ ग्राम पंचायत दुल्ला में एड्स जागरूकता मनाया गया इस कार्यक्रम में 55 से अधिक विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

इस पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रमुखतः रूप से फार्मेसी विभाग के डां. अनुराग सिंह चौहान, अश्वनी कुमार साहू, ओमप्रकाश साहू, लुकेश्वरी वर्मा, प्रतिभा जायसवाल, विकास साहू, रागनी सोनी, आकाश गुप्ता और सभी लैब इंचार्ज श्रावण कुमार साहू, सत्यव्रत ध्रुव और रवि पत्रे का विशेष सहयोग रहा।

इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ विनय एम अग्रवाल, कुलपति डॉ. आनंद महलवार, कुलसचिव डॉ. बी पी भोल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉं. शुभाषिस विश्वास, अकादमिक डीन डॉं. एन. के. स्वामी, डॉ. पी विश्वनाथन प्रोफेसर डीन साइंसेस सभी ने फार्मेसी विभाग को बधाई दिया गया एवं आगे भी इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रोत्साहित और सहयोग किया जाएगा।

# राज्य स्तरीय कराते स्पर्धा में समृद्धि ने जीता रजत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 5 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ कराटे डू एसोसिएशन द्वारा दो दिवसीय राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन 30 नवंबर एवं 01दिसम्बर को भिलाई नगर स्थित कन्या महाविद्यालय में किया गया। उक्त प्रतियोगिता में चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही समृद्धि साहू (8 वर्ष ) ने +30 चत्व कैटेगरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल कर अपने प्रशिक्षक एवं माता पिता का नाम रौशन किया। समृद्धि साहू ने अपने इस उपलब्धि का श्रेय अपने कराटे प्रशिक्षक ऋषभ चौहान एवं टीम जिसमे चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी भाटापारा के प्रबंधक विक्रम सिंह चौहान, सचिव नेमीचंद साहू, कोषाध्यक्ष योगेश कुर्रे, सह सचिव हर्ष देवांगन, धनंजय पांडे, महेश राजपूत, गौरव साहू, विपिन साहू, प्रतीक द्विवेदी, पंकज चंदेल, यशवंत साहू, मनीष दास महंत ने आभार जताया। बलौदाबाजार जिला से नेतृत्वकर्ता के रूप में जिलाधिकारी बनकर चैंपियन मार्शल आर्ट एवं जिला कराटे संघ के सचिव ऋषभ सिंह चौहान के अगुवाई में जिला के बच्चो ने प्रतियोगिता में शामिल हुए।

## एक नजर

### सतनामी समाज बोरझरा के अध्यक्ष बने लक्ष्मीकांत

**भखारा, 5 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विगत दिनों सतनामी समाज बोरझरा की बैठक कर नए कार्यकरिणी का गठन किया



गया।बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अध्यक्ष की जिम्मेदारी लक्ष्मीकांत बंजारे को दिया वहीं राजेश रात्रे को उपाध्यक्ष बनाया गया।सचिव लोकेश रात्रे व कोषाध्यक्ष रोमन लाल रात्रे को बनाया गया है।बैठक में पुराने कार्यकारिणी सदस्यों को ससम्मान विदाई दिया गया।

### निकाय अध्यक्षों के प्रत्यक्ष चुनाव का फैसला लोकतंत्र की जीत : गणेश साहू

**सोनाखान, 5 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भाजपा युवा मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष गणेश शंकर साहू ने छत्तीसगढ़ के



नगरीय निकायों में महापौर, पालिका व नगर पंचायत के अध्यक्ष पद हेतु सीधे चुनाव के फैसले का स्वागत करते हुए इसे लोकतंत्र की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की दुहाई देकर कदम-कदम पर सियासी नौटंकियाँ करने वाली कांग्रेस के राजनीतिक चरित्र पर यह करारा प्रहार है। भाजपा युवा मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष साहू ने कहा कि अपना प्रतिनिधि चुनने का जनता के लोकतांत्रिक अधिकार छीनने के नितांत अलोकतांत्रिक कृत्यों से कांग्रेस का इतिहास भरा पड़ा है। भ्रष्टाचार और एक खानदान की चापलूसी ही जिस कांग्रेस का संस्कार रह गया है।

### विविध प्रतियोगिताओं में दिव्यांगों ने दिखाई प्रतिभा

**बलौदाबाजार, 5 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष के भाँति इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस 2024 का किया गया आयोजन जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन में किया गया। जिसमें विभिन्न विकासखंडो से आए 112 दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में रंगोली, चित्रकला, गायन आदि शमिल था। सर्वप्रथम अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस 2024 कार्यकम का शुभारम जनपद पंचायत बलौदाबाजार के अध्यक्ष योगेश सुमन वर्मा, उपाध्यक्ष ईशांत वैष्णव, द्वारा विभिन्न दिव्यांगजनों को उपकरण वितरण किया गया जिसमें दीपक कन्नौजे को श्रवण यंत्र, गंगाराम वर्मा, को श्रवण यंत्र, मुकेश कुमार ध्रुव को श्रवण यंत्र, हेमंत कुमार फेकर को श्रवण यंत्र एंव मंगलचन्द बंजारें को बैसाखी, प्रमोद कुमार बंदे, शिवकुमार यादव ग्राम गोड़ा पलारी को बैसाखी वितरण किया गया। दिव्यांग बच्चों द्वारा विभिन्न प्रतियोंगिता में भाग लिया।

### आदर्श निर्मल पंचायत गुड़ेलिया में हमर सियान हमर सम्मान कार्यक्रम

# ग्रामवासियों ने कहा-अच्छे जनप्रतिनिधि होने से होते हैं ऐसे कार्य और आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 5 दिसम्बर।** विकासखंड के आदर्श निर्मल ग्राम पंचायत गुडेलिया मे आयोजित हमर सियान हमर सम्मान के कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुडेलिया के वरिष्ठ ग्रामवासियों मे 55 वर्ष से अधिक के उम्र के लगभग 200 से अधिक लोगों का सम्मान शाल व स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया, कार्यक्रम में सभी को एक पेड़ माँ के नाम से लगाने के लिए सभी को लगभग 250 पेड़ वितरित किया गया।



गौरतलब कि ग्राम पंचायत जनपद पंचायत गुड़ेलिया भाटापारा का आदर्श ग्राम के रूप में माना जाता है और इस गाँव मे शासन के अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का सफल संचालन व क्रियान्वयन के चलते इस गाँव के विशेषताओं व खूबियों को एक नजर निहारने के लिये राज्य स्तर के अधिकारी गणों मे प्रमुख रुप से अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू सचिव प्रसन्ना सर संभागीय आयुक्त संजय अलंग कलेक्टर रजत बंसल कलेक्टर चंदन कुमार जिला पंचायत सीओ व वर्तमान सत्र मे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का भी बडा कार्यक्रम इसी ग्राम मे आयोजित हुआ इस गाँव के सौन्दर्यता व खूबियों के अवलोकन करने के पश्चात इस गाँव के तारीफकरते नही थके, इसी परम्परा की गरिमा को आगे बढाते हुये ग्राम पंचायत गुडेलिया के द्वारा ग्राम के बड़े बुजुर्गो के सम्मान के लिए हमर सियान हमर सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उक्त कार्यक्रम में पंचायत के द्वारा सभी बुजुर्गों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर परिक्षण का आयोजन भी रखा गया। उपसरपंच संकेत अग्रवाल ने कहा कि हमारे ग्राम के बड़े बुजुर्ग अगर ठीक नई है तो हमारा ग्राम कैसे ठीक होगा आप सभी का आशीर्वाद होना हमारे ग्राम उन्नति के लिए बहुत जरूरी है इसीलिए हमने आप सभी के स्वास्थ की चिंता करते हुए सोचा की 50 -55 साल के उम्र के बाद सामान्य शारिरिक परीक्षण का होना स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से अनिवार्य होता है इसी तारतम्य मे इस कार्यक्रम के एक हिस्सा के रुप मे पैथालॉजी लेब के द्वारा शुगर, ब्लड प्रेसर, ब्लड ग्रुप व हीमोग्लोबिन मानक का जाँच कराये जाने का निर्णय लिया गया ताकि आप सभी अपने स्वास्थ के प्रति जागरूक रहे।

**आगामी सत्र मे विकास का लक्ष्य:** ग्राम पंचायत गुडेलिया के उपसरपंच संकेत अग्रवाल के द्वारा आदर्श निर्मल ग्राम गुडेलिया मे आगामी सत्र मे विकास के लक्ष्यों को भी केन्द्रित किया जिसमे ग्राम गुडेलिया मे धान खरीदी के आरम्भ करना, उपस्वास्थ्य केन्द्र आरम्भ होना, स्कूल का उन्यनन व आगामी नये साल के जनवरी माह के प्रथम सप्ताह मे 24 कुण्डीय गायत्री महायक्ष का आयोजन ग्राम पंचायत गुडेलिया मे आयोजित है आदि मूलभूत सुविधाओ का विस्तार किया जाना ग्रामवासियों के समक्ष रखा गया।

**वर्तमान ग्राम पंचायत सत्र मे हुये अनेक जनकल्याणकारी उल्लेखनीय कार्य:** ग्राम पंचायत गुडेलिया के उपसरपंच संकेत अग्रवाल के द्वारा पंचायत के 5 वर्षो के जनकल्याणकारी कार्यो का लेखा जोखा पेश करते हुये जानकारी दिया कि गुडेलिया मे शासन कि सभी योजनाओ का क्रियान्वन्य हमारे ग्राम में बहुत अच्छे से सम्पन हुआ बताया की राशन कार्ड बनाना, पेंशन सुविधा, महिलाओं के लिए गांव में ही रोजगार के रास्ते खोले गए, युवाओ के लिए बहुत ही सुंदर लाइब्रेरी, बच्चो के पढ़ाई के लिए अच्छी स्कूल व्यस्था, सभी को रोजगार मिले मिले इसके लिए विकास कार्य, तालाबो का सौंदरीकरण, गांव की गलियों का सौंदरीकरण आदि बहुत से कार्य आप सभी के आशीर्वाद से हमने सम्पन किए।

**गाँव मे विभिन्न स्तर पर उल्लेखनीय कार्य करने वाले को भी किया सम्मानित:** ग्राम पंचायत गुडेलिया के तत्वाधन विभिन्न स्तर पर ग्राम पंचायत गुडेलिया मे उल्लेखनीय कार्य करने वालों को भी सम्मानित किया गया जिसके अंतर्गत ग्राम पंचायत के लगभग बैठक मे उपस्थिति रतु ध्रुव व शंभु ध्रुव प्राकृतिक धरोहर हरियाली को लेकर पेड लगाने मे टीकाराम व सुधाराम ध्रुव, कृषि मे नये फसलों के महत्ता बढाने हेतु रतन निर्मलकर व मयाराम ध्रुव धार्मिक कार्यो मे सजगता दिखाने हेतु बिरझू साहू, हिरा सिंह ध्रुव व सोनू धुर्व, स्वच्छता कार्य के लिए पंचू यादव व गोपी धुर्व को मोमेंटो भेट कर सम्मानित किया गया।

**ग्राम पंचायत के वर्तमान नेतृत्व को ग्रामवासियों ने एक स्वर मे सराहा व दुवाये दी:** ग्राम पंचायत गुडेलिया के हमर सियान हमर सम्मान के आयोजित कार्यक्रम के अंत मे ग्रामवासियों ने एकजुट स्वर मे वर्तमान ग्राम नेतृत्व को सराहा और कहा की आज बच्चा अपने घर में अपने बड़ो को सम्मान देना भूल गया है लेकिन पंचायत ने ऐसा कार्यक्रम करके हम सबको इतना सम्मान दिया, -इसकी जितनी तारीफकी जाए कम है।

### उच्च शिक्षा विभाग का गजब खेल

# एक कालेज में दो प्राचार्य फिर भी वेतन को तरस रहे अधिकारी व कर्मचारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 5 सितम्बर।** इन दिनों रायपुर स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय अटारी चर्चा का विषय बना हुआ है जहां महाविद्यालय में दो प्राचार्य की नियुक्ति एवं अधिकारी - कर्मचारियों की वेतन न मिल पाने की खूब चर्चा बना हुआ है विश्वत सूत्रों से पता चला है कि तत्कालीन प्राचार्य डॉ समरेंद्र सिंह जो स्नातकोत्तर प्राचार्य है जिनका स्थानांतरण आदेश जारी कर 14 नवंबर 2024 स्थानांतरित करके शासकीय महाविद्यालय पिपरिया, जिला-कवर्धा( स्नातक महाविद्यालय) भेजने का आदेश आया फिर उनके जगह पर अभी पदोन्नत हुई डॉ अभया रा. जोगलेकर को इसी महाविद्यालय में प्राचार्य पद पर पदोन्नति दी गई जिसको महाविद्यालय के तत्कालीन प्राचार्य डॉ समरेंद्र सिंह ने हाइकोर्ट में चुनौती दिया कि वह स्नातकोत्तर प्राचार्य है तथा उनकी सेवानिवृति 5 से 6 महीना बाकी है शासकीय नियमानुसार उनका स्थानांतरण किसी स्नातकोत्तर महाविद्यालय या समीप के कोई महाविद्यालय में होना चाहिए इस पर हाइकोर्ट ने उन्हें सहानुभूति पूर्वक स्थगन प्रदान करते हुए दिनांक 29 नवम्बर 2024 को उच्च शिक्षा विभाग को आदेश जारी किया कि 45 दिनों के भीतर डॉ सिंह को कोई भी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पोस्टिंग देवे या डॉ अभया जोगलेकर की अन्य महाविद्यालय में व्यवस्था करें। लेकिन शासन से अभी कोई आदेश



नहीं आया है। ज्ञात हो कि डॉ सिंह 14 नवंबर 2024 से मेडिकल अवकाश में थे।उसी दौरान 16 नवंबर 2024 को डॉ अभया जोगलेकर ने प्राचार्य का पदभार भी ग्रहण कर लिया। फिर स्थगन आदेश आने पर डॉ सिंह ने भी उसी महाविद्यालय में 30 नवंबर 2024 को अपनी मेडिकल अवकाश से विराम लेते हुए पदभार ग्रहण कर लिया। अब स्थिति यह है कि महाविद्यालय में दो प्राचार्य हैं और नवंबर माह का वेतन किसी अधिकारी कर्मचारियों को नहीं मिला है। जबकि डीडीओ पावर डॉ सिंह के पास है उन्होंने वेतन बनाने के लिए हेड क्लर्क शारदा काले को आदेश भी दिया लेकिन उन्होंने दो प्राचार्य की उपस्थिति में वेतन नहीं बनाया जिसका खामियाजा पूरे महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारी भुगत रहे हैं।

महाविद्यालय में होने वाले समस्त पत्रों पर डॉ अभया जोगलेकर के हस्ताक्षर लिए जा रहे हैं जबकि डॉ सिंह सीनियर प्रिंसिपल हैं तथा उन्होंने अभी कार्यभार डॉ जोगलेकर को सौंपा नहीं है।अब यह देखना दिलचस्प होगा कि आखिरकार उच्च शिक्षा विभाग दो प्राचार्य में अधिकारी-कर्मचारियों की वेतन भुगतान के लिए किसे डीडीओ पावर देगा यह देखना दुर्लभ होगा।

### कलेक्टर ने जारी किया 2 अपराधियों का जिलाबदर आदेश

**बलौदाबाजार, 5 दिसम्बर।** कलेक्टर दीपक सोनी ने पुलिस प्रशासन से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर अपराधियों को जिला बदर करने के आदेश जारी किया है। जिला बदर होने वालों में संतोष कुमार पाड़े पिता बुधराम पाड़े, ग्राम कुकुराचुंदा थाना हथबंद एवं कृष्णा उर्फसोनू चतुरे पिता उमाशंकर चतुरे ग्राम व थाना हथबंद शामिल है। उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3, 5 ख के तहत किया गया है। जिसमें 1 वर्ष के कालावधि के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा एवं उसके सीमावर्ती जिले बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, सक्ति, बेमेतरा एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिलों की सीमाओं से आदेश पारित होने के 24 घंटे के भीतर हटने एवं बाहर चले जाने के आदेश दिए है।

# 170 लीटर हाथभट्ठी महुआ शराब जब्त कर 4300 किलो महुआ लाहन किया नष्ट

**बलौदाबाजार, 5 दिसम्बर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले में अवैध शराब निर्माण, भंडारण एवं परिवहन पर आबकारी विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है। मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी अखिलेश डहरिया के मकान से 40 बल्क लीटर हाथभठ्ठी महुआ शराब जब्त किया गया। इसी प्रकार थाना बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम धनगांव में भारी मात्रा में अवैध शराब निर्माण की सूचना पर डबरी तालाब के किनारे 65 बल्क लीटर हाथ भठ्ठी महुआ शराब एवं 2500 किग्रा महुआ लाहन का सेंपल लेकर नष्टीकरण किया गया। इसीप्रकार पलारी थाना अंतर्गत ग्राम खैरी में नाला किनारे 65 बल्क लीटर हाथ भठ्ठी महुआ शराब जब्त एवं 1800 किग्रा महुआ लाहन का सेंपल लेकर नष्टीकरण किया गया। उक्त कार्रवाई में अज्ञात आरोपियों के विरूध्द छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2), 59 (क) का प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है। उक्त कार्रवाई के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक जलेश कुमार सिंह, आबकारी उप निरीक्षक मनराखन नेताम, आबकारी मुख्य आरक्षक मदनलाल ध्रुव, नगर सैनिक राजकुमार, चिंतामणी डहरिया, शीतल यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।


**न्यायालय नायब तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202411095000001**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2024-2025
घोरतलाव प.ह.न. 00003 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- तामेश्वर सलामे,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक तामेश्वर सलामे पिता स्व. पुनाराम सलामें जाति गोंड, निवासी ग्राम घोरतलाव, तहसील लाल बहादुर नगर, जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, आवेदक अपने पिता पुनाराम सलामे पिता महावीर सलामें जाति गोंड की मृत्यु दिनांक 06.02.1999 को स्थान घोरतलाव, में हुआ है, जो कि भूलवश ग्राम पंचायत भगवानटोला, में संधारित मृत्यु पंजी रजिस्ट्रार में दर्ज नहीं हो पाया है। आवेदक को अपने पिता पुनाराम सलामें पिता महावीर सलामें जाति गोंड का मृत्यु तिथि ग्राम पंचायत भगवानटोला, में मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता है। अतः ग्राम पंचायत भगवानटोला, में मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 06.12.2024 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/11/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर नायब तहसीलदार लाल बहादुर नगर (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202406092200030**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2023-2024
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- रसुलबी कादरी,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रसुलबी कादरी पति असलम कादरी जाति मुसलमान सा. डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदिका के पुत्री फिदा कादरी आ. असलम कादरी का जन्म दिनांक 24.09.2007 को स्थान डोंगरगढ़ में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 09.12.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/11/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202411095300019 --अ/74-वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक टुमलाल पिता अधिन पटेल जाति मरार निवासी ग्राम गांडाभंवर तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने पुत्री कु. पोषण पिता टुमलाल का दिनांक 30.03.2002 ग्राम पंचायत कोलिहापुरी में जन्म हुआ था जिसका ग्राम पंचायत के जन्म / मृत्यु पंजी में दर्ज नहीं कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने पुत्री कु. पोषण पिता टुमलाल का दिनांक 30.03.2002 ग्राम पंचायत कोलिहापुरी में जन्म दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश कर जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 16.12.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर नायब तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला- बालोद (छ.ग.)**

ई कोर्ट नं. .....
ग्राम- बालोद
तहसील- बालोद

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका प्रीतिलता पिता श्री जेवरीलाल टाटिया निवासी टिकरापारा वार्ड नं. 04 बालोद तहसील बालोद जिला बालोद द्वारा ग्राम बालोद प.ह.नं. 06 स्थित भूमि खसरा नं. 121/60 रकबा 0.0152 हे. गैर कृषि आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन बाबत् आवेदन नक्शा खसरा एवं बी-1, ब्लू प्रिंट ऋण पुस्तिका व अधिकार अभिलेख की छाया प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक 13/12/24 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 28/11/24 को जारी किया गया।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला- बालोद

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

अ-2/2024-25
ग्राम परसाभदेर प.ह.नं. 16
तह. बलौदाबाजार
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मां गायत्री कंस्ट्रक्शन भागीदार तेनसिंग साहू पिता इयाराम साहू निवासी कमल कालोनी बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि ग्राम परसाभदेर प.ह.नं.-16 तहसील बलौदाबाजार में स्थित भूमि खसरा नंबर 493/1, 493/2, 493/3, 493/4 रकबा 0.012, 0.012, 0.008, 0.008 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को आवेदक द्वारा व्यवसायिक प्रयोजन के लिये छ.ग. भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत कर पुनर्निर्धारण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु कर पुनर्निर्धारण करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा/आपत्तिया यदि कोई हो तो वे दिनांक 16/12/2024 को मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)**
**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**(प्रथम आमंत्रण)**

दिनांक 03.12.2024

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा 'डी' श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। **ऑनलाईन निविदा डाउनलोड करने** की अंतिम तिथि 23.12.2024 है।

| एन.आई.टी.क्र./ निविदा क्रं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| NIT No 402 Tender No. 162293 | जिला गरियाबंद विकासखंड मैनपुर के गोहरापदर में हाईस्कूल भवन का निर्माण कार्य, (शेष कार्य) बजट कार्य। | रू. 68.50 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र, बिडकेपेसीटी उपलब्धता बाबत् जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

**निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।**

जी-242504310/3 Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़ आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

अधीक्षण अभियंता, लो.नि.वि., रायपुर मण्डल क्र. 2 (छ.ग.)

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-नारायणपुर, जिला-नारायणपुर (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना क्र.-07/2024-25 (द्वितीय निविदा आमंत्रण)**

क्रमांक/690/निविदा/व.ले.लि./ग्रा.यां.सेवा/2024-25, नारायणपुर, दिनांक 02/12/2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न निर्माण कार्य हेतु निविदा **ऑनलाईन (Online)** दिनांक 13.12.2024 अपरान्ह 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) | मैनुअल दस्तावेज कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | नवीन जिला पशु चिकित्सालय भवन निर्माण कार्य विकास खण्ड नारायणपुर | 57.27 लाख | 16.12.2024 |

2. उक्त निर्माण कार्यों की निविदा सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 03.12.2024 से डाउनलोड की जा सकती है।

जी- 242504322/4

कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-नारायणपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

Tel.No.07727-223138 E-Mail:cmobalodabazar@rediffmail.com & cmobalodabazar@ymail.com

क्रमांक/815/लो.नि.वि./न.पा.प./2024 बलौदाबाजार, दिनांक 03.12.2024

**!!मैन्यूअल निविदा आमंत्रण सूचना!!**

नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को पार्षद निधि के लिए विभिन्न निर्माण कार्य हेतु एकीकृत पंजीकृत प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से त्री-लिफाफा पद्धति में रजिस्टर्ड/पंजीकृत डॉक के माध्यम से निविदा प्रपत्र 'अ' अंतर्गत प्रचलित एस.ओर.आर. **CGPWD Building/Road PWD SOR w.e.f. 01.01.2015** से प्रतिशत दर पर निविाद आमंत्रित की जाती है-

01 निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि - 16.12.2024 समय-शाम 05:00 बजे तक।
02 परीक्षण उपरांत खाली निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - 19.12.2024 समय-दोपहर 04:00 बजे तक।
03 निविदा प्रारूप में पंजीकृत डॉक से निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 23.12.2024 समय-दोपहर 03:00 बजे तक।
04 प्राप्त निविदाएं खोलने की तिथि - 23.12.2024 समय-शाम 04:30 बजे।

| क्र. | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि (एफ.डी.आर. के माध्यम से) | निविदा फार्म शुल्क | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 01 | वार्ड क्र. 18 सामुदायिक भवन में मरम्मत संधारण हेतु टाईल्स लगाने कार्य। | 07.36 | 5600.00 | 750.00 | 02 माह |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी वेबसाईट www.uad.cg.gov.in/UADTenderUploder/HomeReports.aspx# से एवं कार्यालय के सूचना पटल में कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

**टीप:-** निविदा हेतु भौतिक दस्तावेज रजिस्टर्ड/पंजीकृत डाक के माध्यम से प्राप्त की जायेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, बलौदाबाजार

